दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



मूल्य-4 रुपये ● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, गुरुवार 26 नवम्बर 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1246

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तानी मंत्री की सैन्य कार्रवाई की धमकी से PoK संकट पर चिंता बढ़ी



लोक तंत्र की आवाज़

**इस्लामाबाद।** यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (UKPNP) ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में बढ़ते संकट के बीच पाकिस्तानी मंत्रियों द्वारा अपनाई गई धमकी भरी बयानबाजी, आक्रामक भाषा और टकरावपूर्ण दृष्टिकोण की कड़ी निंदा की है। समूह ने विशेष रूप से पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के संघीय राज्य मंत्री, तलल चौधरी की आलोचना की, जिन्होंने PoK में एक बड़े सुरक्षा अभियान और जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (JAAC) के खिलाफ आगे की कार्रवाई की चेतावनी दी थी। यह आलोचना चौधरी के मंगलवार को दिए गए बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने सरकार की इस स्थिति को दोहराया था कि JAAC अब केवल एक अधिकार-आधारित आंदोलन नहीं रहा, और आरोप लगाया कि इसे सशस्त्र संघर्ष में बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अधिकारी सोशल मीडिया पर संगठन का प्रचार करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री ने कहा कि अशांति ने PoK के निवासियों के जीवन को बाधित कर दिया है, जिससे उनके लिए स्कूलों में जाना, व्यवसाय चलाना और अपनी दैनिक गतिविधियाँ करना मुश्किल हो गया है। यह दावा करते हुए कि राज्य ने शुरू में बल प्रयोग से परहेज किया था, चौधरी ने कहा कि सुरक्षा कार्रवाई अब तक केवल तभी की गई थी जब कर्मियों पर सशस्त्र हमला हुआ था। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि स्थिति एक ऐसे चरण पर पहुंच गई है जहां किसी भी और देरी से निवासियों को अधिक नुकसान हो सकता है। एआरवाई न्यूज ने पाकिस्तानी मंत्री के हवाले से कहा, "राज्य अपनी पूरी ताकत का उपयोग नहीं करना चाहता था, लेकिन अब और देरी से नुकसान होगा। स्थिति एक ऐसे बिंदु पर पहुंच गई है जहां इन तत्वों को खत्म करना और न्याय के कटघरे में लाना होगा। चौधरी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए, UKPNP ने कहा, "गोलियां, बंदूकें और सैन्य अभियान वैध राजनीतिक, आर्थिक और मानवीय शिकायतों का समाधान नहीं कर सकते। वे केवल आगे विनाश, अराजकता, मानवीय पीड़ा और रक्तपात का कारण बनेंगे। समूह ने पाकिस्तानी अधिकारियों से अधिकतम संयम बरतने, सैन्य अभियानों से परहेज करने, मौलिक मानवाधिकारों का सम्मान करने और कब्जे वाले क्षेत्र में JAAC और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ ईमानदारी से जुड़ने का आह्वान किया। इससे पहले रविवार को, UKPNP ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा PoK के रावलकोट और कोटली क्षेत्र में दो और युवकों की हत्या की निंदा की थी।

# यूपी : सपा की पहली लिस्ट से सुलगी 'सीट शेयरिंग' की रार, इमरान मसूद की तल्खी के बाद डैमेज कंट्रोल में जुटे दोनों दल

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** उनको अच्छी नहीं लगती बुलंदी मेरी, उनको शायद मेरी परवाज बहुत खलती है...', समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से सीट शेयरिंग की बातचीत के बीच अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की तो नाराज कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का अंदाज-ए-बयां कुछ ऐसा था. इमरान मसूद ने यहां तक कह दिया कि हम कोई भिखारी नहीं हैं. कांग्रेस जब चाहेगी, अपने उम्मीदवार उतारेगी. इसमें बड़ी बात क्या है? अगर आप गठबंधन के बीच ऐसा बर्ताव करते हैं, तो यह गठबंधन नहीं है. इसका मतलब है कि आपकी तरफ से कोई गंभीरता नहीं है. इमरान मसूद के इस तल्ख बयान के बाद लगा कि गठबंधन अब संभव नहीं, लेकिन अब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों की ओर से डैमेज कंट्रोल शुरू हो गया है. दोनों पार्टियों के नेता गठबंधन में किसी भी तरह के विवाद से इनकार कर रहे हैं, लेकिन बयानों से साफ है कि सीटों को लेकर अंदरखाने सहमति बनना आसान नहीं है।

**सपा प्रवक्ता बोले- '2024 में भी इसी तरह हुई थी बातचीत :** इमरान मसूद की नाराजगी पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता और पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह ने कहा कि पार्टी वही रणनीति अपना रही है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान अपनाई गई थी. उस समय भी सीटों को लेकर बातचीत जारी थी और सपा अपनी उम्मीदवारों की सूची जारी कर रही थी. उन्होंने कहा कि जिन सीटों पर सपा के विधायक भारी अंतर से जीते हैं, वहां उम्मीदवारों को समय रहते चुनाव की तैयारी का मौका मिलना चाहिए. उदयवीर सिंह ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस के साथ बातचीत जारी रहेगी और दोनों दलों के नेता मिलकर सीटों की अंतिम संख्या तय करेंगे. हालांकि, इमरान मसूद के बयान पर उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को नसीहत देते हुए कहा, "अगर मसूद इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, तो कांग्रेस नेतृत्व को उन्हें रोकना चाहिए." उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा को इमरान मसूद की राजनीतिक ताकत का पता है, जिन सीटों पर सपा पहले से जीतती रही है, उन पर बेवजह हंगामा नहीं होना चाहिए।



### कांग्रेस बोली- गठबंधन में कोई विवाद नहीं

विवाद बढ़ता देख कांग्रेस ने भी सफाई दी है. कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच कोई विवाद नहीं है. इमरान मसूद क्या कह रहे हैं, यह उनका व्यक्तिगत विषय है. दोनों दलों के बीच बातचीत की शुरुआत हुई है और आगे मिलकर किसी सहमति पर पहुंचा जाएगा. अभी बातचीत खत्म नहीं हुई है. दोनों पक्षों की ओर से कोशिश लगातार जारी है।

**सहारनपुर, बेहट सीटों पर SP उम्मीदवारों से भड़के मसूद!:** समाजवादी पार्टी ने यूपी चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है. इस सूची में ऐसी सीटें भी शामिल हैं, जिन पर कांग्रेस शुरुआत से अपनी दावेदारी जता रही है. खासतौर पर सहारनपुर और बेहट सीटों पर सपा के उम्मीदवार घोषित किए जाने से कांग्रेस खेमे में नाराजगी बढ़ने की आशंका है

**पक्षों को लचीला रुख अपनाना होगा', SP सांसद रामजी लाल सुमन :** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने भी गठबंधन को लेकर भरोसा जताया. उन्होंने कहा कि सपा की पांच सीटों पर जीत रही है, फिर इन सीटों को लेकर इतनी हाय-तौबा क्यों मचाई जा रही है? कांग्रेस और सपा का गठबंधन होकर रहेगा. उन्होंने कहा कि दोनों दल चाहते हैं कि गठबंधन मजबूत हो, लेकिन इसके लिए सभी पक्षों को लचीला रुख अपनाना होगा. रामजी लाल सुमन ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता चाहती है कि बीजेपी को हराया जाए. ऐसे में विपक्षी दलों को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी को खुद बैठकर बातचीत करनी चाहिए, तभी गठबंधन को मजबूती मिलेगी।

# जैसलमेर में कांग्रेस की संतोष कुमारी निर्विरोध चुनी गईं जिला प्रमुख, बोलीं- जनता से किए वादे पूरे करूंगी

लोक तंत्र की आवाज़



**जैसलमेर।** राजस्थान के 41 में से 37 जिलों में 25 नवंबर 2026 को जिला परिषद प्रमुखों का चुनाव हो रहा है. बुधवार सुबह 11 बजे तक नामांकन पेश किया जाएगा और 11:30 बजे से नामांकन पत्रों की जांच शुरू होगी. दोपहर 1 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे. जिसके बाद मैदान में बचे उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित होंगे. तीन से पांच बजे के बीच वोटिंग होगी और फिर वोटों की गिनती और परिणाम घोषित किए जाएंगे.कांग्रेस का दावा है कि वह 27 जिलों में अपने प्रमुख बनाने की स्थिति में है।

**इन 37 जिलों में हो रहा जिला परिषद प्रमुखों का चुनाव:** जिला परिषद प्रमुखों के चुनाव जयपुर, भरतपुर, अलवर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चूरू, दौसा, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, झुंझुनूं, जोधपुर, कोटपूतली-बहरोड़, फलोदी, सवाई माधोपुर, राजसमंद, सीकर, सिरोही, टोंक, अजमेर, ब्यावर, झालावाड़, पाली, उदयपुर, नागौर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, बालोतरा, सलूंबर, डीडवाना-कुचामन, डीग, खैरथल-तिजारा और प्रतापगढ़ में चुनाव हो रहे हैं।

**शुक्रवार को पंचायत का चुनाव:** बीजेपी सरकार अपने कार्यकाल का तीसरा साल अगले महीने पूरा कर रही . उससे ठीक पहले इन चुनावों को राजनीतिक रूप से काफी अहम माना रहा है. कांग्रेस का दावा है कि शुक्रवार को वह पंचायत समिति प्रधान के चुनाव में भी 300 से अधिक पंचायत समितियों में अपने 'प्रधान' बनवा पाएगी. वहीं उप-जिला प्रमुखों के चुनाव 26 नवंबर को कराए जाएंगे. यहां नवनिर्वाचित 1275 जिला परिषद सदस्य अपने अपने जिले का प्रमुख और उपप्रमुख चुनेंगे.पंचायत समिति प्रधानों का चुनाव 27 नवंबर को और उप-प्रधानों का चुनाव 28 नवंबर को होगा. ये सभी चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से होने हैं।

आजादी के बाद पहली बार जैसलमेर में जिला प्रमुख को निर्विरोध चुना गया है.कांग्रेस ने पोकरण विधानसभा क्षेत्र की संतोष कुमारी के नाम पर मुहर लगा दी है. उन्होंने जैसलमेर और पोकरण की जनता का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने जो विश्वास और जनादेश दिया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

# भाजपा-अकाली गठबंधन के बाद पंजाब में कांग्रेस भी कर सकती है गठजोड़, परगट सिंह ने दिए संकेत

लोक तंत्र की आवाज़



**चंडीगढ़ ।** भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के गठबंधन के बाद पंजाब में चुनावी समीकरणों को लेकर कांग्रेस ने भी गठबंधन की संभावनाओं के दरवाजे खुले रखे हैं। पंजाब कांग्रेस प्रधान परगट सिंह ने बुधवार को स्पष्ट किया कि कांग्रेस पंजाब में अन्य दलों के साथ गठबंधन कर सकती है और इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान लेगा। सीपीआई, सीपीएम समेत इंडिया ब्लॉक के अन्य दलों के साथ गठबंधन की संभावनाएं भी बनी हुई हैं। पंजाब कांग्रेस भवन में बुधवार पंजाब कांग्रेस प्रदेश प्रधान परगट सिंह के साथ पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और डॉ. अमर सिंह ने भाजपा-अकाली दल गठबंधन पर निशाना साधा। नेताओं ने दावा किया कि दोनों दल अपने आंतरिक सर्वे में कमजोर स्थिति में पाए गए हैं और उन्हें अकेले चुनाव लड़ने पर जीत की संभावना कम नजर आई।इसी वजह से दोनों को गठबंधन करना पड़ा। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक मजबूरी बताते हुए गठबंधन को पंजाब के मुद्दों पर दिशाहीन करार दिया।

**जीतने की क्षमता पर मिलेंगे युवाओं को टिकट:** परगट सिंह ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में पूरी ताकत से मुकाबला करेगी और सरकार बनाएगी। पार्टी युवा चेहरों को टिकट देगी, लेकिन ऐसे युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी जिनकी साफ छवि हो और जो चुनाव जीतने की क्षमता रखते हों। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा की ओर से 60-70 युवाओं को टिकट देने की बात पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी युवाओं को अवसर देगी, लेकिन केवल संख्या के आधार पर टिकट नहीं बांटे जाएंगे। इस मौके पर कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी ने कहा कि अकाली दल में नेताओं के पार्टी छोड़ने से खलबली मची हुई है और भाजपा के साथ गठबंधन से पंजाब के लोग निराश हैं। उन्होंने अकाली दल के उस पुराने रुख की भी याद दिलाई जिसमें हिंदू मुख्यमंत्री न बनने देने की बात कही गई थी, जबकि अब सुखबीर सिंह बादल को मुख्यमंत्री चेहरा बनाए जाने की चर्चा है।

# केदारनाथ में बनेगा दुनिया का सबसे ऊंचा रोपवे, गौरीकुंड से 16 KM का सफर सिर्फ 36 मिनट में होगा, 9 घंटे की लंबी चढ़ाई खत्म

लोक तंत्र की आवाज़

**केदारनाथ।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा केदारनाथ सबसे अहम तीर्थस्थल है. केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 5000 करोड़ के केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट का खाका पेश किया है. ये पीपीपी के बीओटी मॉडल पर रोपवे बनेगा. इससे सरकार को सालाना 800 करोड़ की आय होगी. उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट सबसे दुर्गम तीर्थयात्रा को बेहद आसान कर देगा. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में मंगलवार को एक कार्यक्रम में ये जानकारी दी. केदारनाथ रोपवे लगभग 11500 फीट की ऊंचाई पर रोपवे दुनिया के सबसे लंबे और ऊंचे रोपवे में से एक होगा।



**दुनिया का सबसे ऊंचा और लंबा रोपवे :** 13 किमी रोपवे सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक हवाई कनेक्टिविटी देगा. रोपवे की हर ट्रॉली-केबिन में करीब 35 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी.अभी सोनप्रयाग या गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक श्रद्धालुओं को 16 किमी की यात्रा में लगभग 8 से 9 घंटे लगता है. रोपवे से यह दूरी मात्र 36 मिनट में होगी. इस परियोजना की लागत लगभग करीब 5 हजार करोड़ होगी।

### केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट की खासियतें

- 11500 फीट की ऊंचाई पर दुनिया के सबसे लंबे और ऊंचे रोपवे में से एक होगा।
- 13 किमी रोपवे सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक कनेक्टिविटी देगा।
- 27 से 36 मिनट में तय होगी गौरीकुंड से केदारनाथ धाम की यात्रा।
- 16 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई चढ़नी होती है अभी यात्रा में
- रोपवे प्रति घंटे 1800 यात्रियों को ले जा सकेगा बेस कैंप से।
- 18 हजार यात्री रोजाना रोपवे का फायदा उठा सकेंगे।
- 5000 करोड़ का केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट।

**27 से 36 मिनट में केदारनाथ यात्रा होगी :** चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं को सोनप्रयाग या गौरीकुंड से केदारनाथ मंदिर तक जाने के लिए 16 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई चढ़नी होती है. दुर्गम रास्ते में ये पैदल यात्रा, खच्चर या पगडंडी के के जरिये 8 से 9 घंटे में होती है. इस रोपवे से सोनप्रयाग से केदारनाथ की दूरी महज 27 से 36 मिनट में हो जाएगी. सोनप्रयाग से केदारनाथ मंदिर तक रोपवे की कुल लंबाई 13 किलोमीटर होगी. यह ऊंचे पहाड़ों के बीच दुनिया के सबसे लंबे रोपवे में से एक होगा।

केदारनाथ रोपवे परियोजना भारत सरकार की पर्वतमाला परियोजना के तहत मंजूर हुई है. इसकी जिम्मेदारी अदाणी समूह को मिली है और 29 वर्षों तक उसके पास इसके संचालन का जिम्मा होगा. बच्चे-बुजुर्ग और शारीरिक तौर पर अक्षम श्रद्धालु अब बिना थके दर्शन कर पाएंगे।

# छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 540 करोड़ के कोयला लेवी घोटाले में नया मोड़

लोक तंत्र की आवाज़

**IAS जयप्रकाश मौर्य ने अग्रिम जमानत के लिए खटखटाया हाई कोर्ट**



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 540 करोड़ रुपये से अधिक के कथित कोयला लेवी घोटाले में एक और वरिष्ठ IAS अधिकारी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। जांच एजेंसियों ने पूर्व खनिज संचालक जयप्रकाश मौर्य को भी इस मामले में आरोपी बनाया है। EOW और ACB के छठे पूरक चालान में नाम शामिल होने के बाद अब मौर्य ने गिरफ्तारी से राहत पाने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

बिलासपुर हाई कोर्ट में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई।इस दौरान अदालत ने राज्य शासन से जवाब मांगा है। जांच एजेंसियों का आरोप है कि तत्कालीन खनिज संचालक रहते हुए जयप्रकाश मौर्य ने कोयला लेवी वसूली के कथित सिंडिकेट को फायदा पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन पर मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी से करीब एक करोड़ रुपये नकद रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया गया है।

इस मामले में EOW और ACB ने 5 अक्टूबर 2026 को विशेष अदालत में छठा पूरक चालान पेश किया था। इसी चालान में पूर्व खनिज संचालक और IAS अधिकारी जयप्रकाश मौर्य का नाम भी शामिल किया गया है। जांच एजेंसियों ने कथित तौर पर जब्त डायरियों, डिजिटल रिकॉर्ड और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर मौर्य की भूमिका को लेकर आरोप लगाए हैं।

### सूर्यकांत से रुपये लेने का आरोप

कोयला लेवी घोटाले में सूर्यकांत तिवारी को प्रमुख आरोपी और कथित सिंडिकेट का किंगपिन बताया गया है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, कोयला परिवहन से जुड़े कारोबारियों और अन्य लोगों से अवैध वसूली के लिए एक संगठित नेटवर्क बनाया गया था। इसी मामले में एक करोड़ रुपये नकद लेने का आरोप लगाया गया है।

एजेंसी का दावा है कि तत्कालीन खनिज संचालक रहते हुए उन्होंने कोयला परिवहन से जुड़ी ऐसी प्रशासनिक व्यवस्थाओं में भूमिका निभाई, जिनका फायदा कथित अवैध वसूली के नेटवर्क को मिला। पूरक चालान में मौर्य पर करीब एक करोड़ रुपये नकद रिश्वत लेने का आरोप भी लगाया गया है। यह रकम कथित तौर पर कोयला लेवी घोटाले के मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी से ली गई थी। हालांकि, ये सभी आरोप जांच एजेंसी की ओर से लगाए गए हैं। इनकी न्यायिक पुष्टि होना बाकी है।

**IAS मौर्य पर क्या हैं आरोप? :** जांच एजेंसी के मुताबिक, जयप्रकाश मौर्य जब खनिज संपदा विभाग के संचालक थे, उस दौरान राज्य में कोयला और आयरन पैलेट के परिवहन से जुड़ी व्यवस्थाओं में बदलाव किए गए थे। एजेंसी का आरोप है कि इन बदलावों से कथित वसूली सिंडिकेट को काम करने में मदद मिली। चालान में उल्लेख किया गया है कि कोयला परिवहन पर 25 रुपये प्रति टन और आयरन पैलेट यानी लौह अयस्क के परिवहन पर 100 रुपये प्रति टन की दर से अवैध वसूली का नेटवर्क संचालित था। जांच एजेंसी का दावा है कि इस व्यवस्था को लागू करने और सुचारू रूप से चलाने में मौर्य की अहम भूमिका थी। आरोप है कि सिंडिकेट के जरिए वसूली की रकम का नेटवर्क खड़ा करने के लिए खनिज परिवहन से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रियाओं में बदलाव किए गए। एजेंसी अब इन फैसलों और कथित अवैध वसूली के बीच संबंधों की जांच कर रही है।

# डीआरडीओ ने बनाया घातक स्टील्थ कॉम्बैट ड्रोन का प्रोटोटाइप, बिना पायलट दुश्मन के इलाके में करेगा हमला

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली।** भारत अपने रक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए डीआरडीओ के घातक नामक स्टील्थ कॉम्बैट ड्रोन को प्रोटोटाइप डेवपलमेंट चरण में जा रहा है. यह जेट इंजन वाला, टेललेस फ्लाइंग-विंग डिजाइन का अनमैनड कॉम्बैट एरियल व्हीकल है, जिसे पायलट को जोखिम में डाले बिना दुश्मन के गहरे इलाकों में हमला करने के लिए विकसित किया जा रहा है. इसकी खासियतें इसे आधुनिक युद्ध की जरूरतों के अनुरूप बनाती हैं।

घातक को रडार और इन्फ्रारेड सिग्नेचर कम करने के लिए फ्लाइंग-विंग डिजाइन, घुमावदार एयर इंटेक और विशेष आकार के एग्जॉस्ट दिए गए हैं. इसमें आंतरिक हथियार बे है, जिसमें करीब 1.5 टन तक प्रिसिजन-गाइडेड बम और मिसाइलें ले जाने की क्षमता होगी, जिससे स्टील्थ प्रोफाइल बनी रहेगी।

यह दुश्मन के मजबूत हवाई क्षेत्र में घुसकर महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमला कर सकेगा. दुश्मन की वायु रक्षा प्रणालियों को दबाने और विवादित इलाकों में निगरानी व टोही मिशन भी कर सकेगा. इस ड्रोन को बिना आफ्टरबर्नर वाले कावेरी इंजन से पावर मिलेगी, जो करीब 49 से 51 किलोन्यूटन थ्रस्ट देगा।

यह इंजन पहले ही रूस में हाई-एल्टीट्यूड और फ्लाइट ट्रायल पास कर चुका है. 48.5 किलोन्यूटन थ्रस्ट दर्ज कर चुका है. अब सर्टिफिकेशन और घातक के साथ इंटीग्रेशन अगला बड़ा कदम है. घातक को तेजस और एएमसीए जैसे मैनड फाइटर्स के साथ मिलकर काम करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे उनकी पहुंच और लड़ाकू क्षमता बढ़ेगी।

डीआरडीओ के स्विफ्ट डेमॉन्स्ट्रेटर ने पहले ही स्वायत्त उड़ान परीक्षण पूरे कर लिए हैं, जिससे फ्लाइंग-विंग डिजाइन और फ्लाइट कंट्रोल तकनीकें साबित हो चुकी हैं।

# आय से अधिक संपत्ति केस में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, हाईकोर्ट का आदेश रद्द

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आय से अधिक संपत्ति के आरोपों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है. शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें CBI और ED को राहुल गांधी के खिलाफ की गई शिकायत की जांच करने के लिए कहा गया था. सुप्रीम कोर्ट ने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया है. हाईकोर्ट को अब शिकायत की सुनवाई के दौरान याचिका के मेंटेनेबिलिटी यानी उसके सुनवाई योग्य होने के सवाल पर भी विचार करना होगा।

यह मामला कर्नाटक के बीजेपी कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की शिकायत से जुड़ा है. उन्होंने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी के पास उनकी ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक संपत्ति है. इसी शिकायत के आधार पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने CBI और ED को आरोपों की जांच करने और मामले में उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा था। राहुल गांधी ने हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

**सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ? :** बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. इस दौरान शिकायतकर्ता विग्नेश शिशिर खुद अदालत में मौजूद थे. उनके व्यक्तिगत रूप से पेश होने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही का ऑडियो-वीडियो बंद कर दिया और सुनवाई म्यूट कर दी. राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट के आदेशों को चुनौती दी गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने अब इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए मामले को वापस भेज दिया है।

दरअसल, कर्नाटक के बीजेपी कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप लगाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था. इस मामले में 12 मई 2026 को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यह भी कहा था कि CBI या ED कानून के तहत उचित कदम उठा सकती हैं।

# भारत में बन रही एशिया की सबसे लंबी सुरंग, 13 KM लंबी जोजिला टनल, 15 मिनट में होगा कश्मीर से लद्दाख का सफर

लोक तंत्र की आवाज़




**नईदिल्ली।** भारत में बन रही एशिया की सबसे लंबी सुरंग की परियोजना अगले 6-8 महीनों में पूरी हो जाएगी. हम बात कर रहे हैं हिमालय के ऊंचे पर्वतीय दर्रे जोजिला में बन रही सुरंग की. जोजिला दर्रा लद्दाख के कारगिल जिले में स्थित है और कश्मीर घाटी को लद्दाख से जोड़ता है. 13 किलोमीटर लंबी जोजिला सुरंग श्रीनगर और लद्दाख के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी देगी. इस प्रोजेक्ट पर यह बड़ा अपडेट खुद देश के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दिया।

**जोजिला सुरंग का 70 प्रतिशत काम पूरा:** 7वें वर्ल्ड लैंडस्लाइड फोरम को संबोधित करते हुए, नितिन गडकरी ने कहा कि हिमालय के नाजुक इलाकों में कनेक्टिविटी बनाने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच एक सही संतुलन बनाए रखना जरूरी है. उन्होंने अपडेट देते हुए कहा कि अभी तक जोजिला टनल प्रोजेक्ट का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. यह प्रोजेक्ट अगले 6-8 महीनों में पूरा हो जाएगा. नितिन गडकरी ने आगे कहा कि हर प्रोजेक्ट को स्थानीय भू-विज्ञान (जियोलॉजी), जल-विज्ञान (हाइड्रोलॉजी) और ढलान की स्थिरता (स्लोप स्टेबिलिटी) की गहरी समझ के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए, जिसमें आधुनिक तकनीक और लंबे समय तक चलने वाली मॉनिटरिंग भी शामिल हो।

9जून को जोजिला में एशिया की सबसे लंबी सुरंग परियोजना में एक बड़ी सफलता (ब्रेकथ्रू) हासिल हुई थी जब खुदाई का 13 किलोमीटर से अधिक काम पूरा हो गया. इस सफलता ने कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच 'हर मौसम में चालू रहने वाली कनेक्टिविटी' के दशकों पुराने सपने को हकीकत को करीब ला दिया है. बता दें कि सुरंग बनाने के काम में, 'ब्रेकथ्रू' उस पल को कहते हैं जब दोनों तरफ से काम कर रही टीमें एक निश्चित बिंदु पर आकर मिलती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने देवर के विरुद्ध दर्ज कराई मारपीट की प्राथमिकी

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव में शादी समारोह से घर लौटी महिला ने देवर द्वारा मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता मनोज सिंह की पत्नी प्रमिला देवी ने अपने देवर धर्मराज उर्फ धर्मा पर कमरे में ताला लगाकर कब्जा करने और विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाई है। थाना को दिए आवेदन में कहा गया है कि रविवार को घर लौटने पर उनके कमरे का ताला टूटा मिला और उसपर दूसरा ताला लगा था। तब ताला खोलने लगी इस दौरान आरोपी द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया।

### लापता व्यक्ति का होटल के कमरे में मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका




**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर स्थित मनीष होटल के एक कमरे से बुधवार को एक व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पावापुरी थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव निवासी सतीश कुमार के रूप में हुई है। उनका शव होटल के प्रथम तल स्थित कमरे में मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की।परिजनों के अनुसार सतीश कुमार बुधवार की सुबह करीब आठ बजे घर से निकले थे। सुबह 11:17 बजे उनकी पत्नी से फोन पर बातचीत हुई थी। इस दौरान उन्होंने बताया था कि वह स्कूल के पास पहुंच गए हैं और वहां से दोबारा फोन करेंगे। इसके बाद उनका मोबाइल नहीं उठा। काफी देर तक संपर्क नहीं होने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की।परिजनों का आरोप है कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश करने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चला। उन्होंने विभिन्न थानों में भी संपर्क किया, लेकिन अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने की बात कही है। बाद में होटल के कमरे में शव मिलने की सूचना मिली। शव मिलने की परिस्थितियों को देखते हुए परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है। तकनीकी अनुसंधान के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की ओर से पुलिस को सूचना देने के बाद कार्रवाई नहीं होने के आरोपों की भी जांच होगी। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### नालंदा : गिरियक पहाड़ी पर निकली 17वीं सारिपुत्त वैश्विक शांति यात्रा, बुद्ध के संदेशों को किया याद




**नालंदा।** कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर भिक्षु सारिपुत्त के 2513वें परिनिर्वाण दिवस पर नव नालंदा महाविहार की ओर से राजगीर स्थित गिरियक पहाड़ी पर 17वीं वैश्विक सारिपुत्त शांति यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान बौद्ध भिक्षुओं, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों और आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर भगवान बुद्ध के शांति और करुणा के संदेश को आत्मसात किया।कार्यक्रम की शुरुआत करीब 800 मीटर की पदयात्रा और वृक्षारोपण से हुई। इसके बाद डॉ. धम्मज्योति ने मंगल पाठ किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. श्रीकांत सिंह ने सारिपुत्त की महानता पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अध्यक्षों और प्राध्यापकों ने भी अपने विचार रखे।अध्यक्षीय संबोधन में महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सारिपुत्त को 'प्रज्ञा श्रेष्ठ' शिष्य माना था। बौद्ध धर्म के विकास और बुद्ध, धम्म एवं संघ की परंपरा को आगे बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि बुद्ध की मूल शिक्षा जनसामान्य और समाज के कल्याण के लिए थी। ऐसे आयोजन उनके विचारों को जीवंत बनाए रखते हैं।उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 में 2497वें परिनिर्वाण दिवस से इस शांति यात्रा की शुरुआत हुई थी। महाविहार की इन यात्राओं के वीडियो एससीओ समिट सहित विदेशों में भी प्रसारित किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुकेश कुमार वर्मा ने किया।

# नवादा : भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों ने भरी हुंकार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवहेलना का आरोप

## जिला प्रशासन पर नियमों को ताक पर रखकर गरीब परिवारों को उजाड़ने की साजिश रचने का आरोप

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा।** नारदीगंज अंचल के मोतनाजे-मधुबन गांव में भूमि अधिग्रहण और जलाशय निर्माण को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को आयोजित किसान चौपाल में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के नेताओं ने जिला प्रशासन पर भूमि अधिग्रहण कानून 2013 और सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की अवहेलना करने का आरोप लगाया। किसान नेताओं ने कहा कि प्रशासन ठेकेदार और संबंधित कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए सैकड़ों वर्षों से बसे गरीब परिवारों को जबरन उजाड़ने की कोशिश कर रहा है।

चौपाल को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि ग्रामसभा की मंजूरी और कानून में निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना भूमि अधिग्रहण नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि मोतनाजे और मधुबन में महादलित, अति पिछड़े एवं पिछड़े वर्ग के करीब 564 परिवारों के आवास प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन पारदर्शिता के बजाय पुलिस बल के सहारे किसानों की जमीन और फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए), आपत्तियों की सुनवाई और निर्धारित सहमति की प्रक्रिया का पालन जरूरी है। किसान नेताओं का आरोप है कि इन प्रक्रियाओं को दरकिनार कर कलेक्ट्रेट में बैठकर कागजी खानापूर्ति की गई। खेतों में लहलहाती धान की फसल को बुलडोजर से रौंदा गया। विरोध करने पर ग्रामीणों को पुलिस के माध्यम से डराने-धमकाने का प्रयास किया गया।

अशोक प्रसाद सिंह ने जिला प्रशासन के उस तर्क पर भी सवाल उठाया, जिसमें भूमि अधिग्रहण कानून की धारा 40 के तहत प्रक्रिया अपनाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि धारा 40 के तहत विशेष परिस्थितियों में ही तत्काल अधिग्रहण का प्रावधान है। प्रशासन स्पष्ट करे कि मोतनाजे-मधुबन का मामला किस श्रेणी में आता है।किसान नेताओं ने भू-अर्जन से जुड़े दस्तावेजों में भी गंभीर विसंगति का आरोप लगाया। उनके अनुसार, मगध प्रमंडल के आयुक्त कार्यालय से स्वीकृत पुनर्वास योजना वाद संख्या 1/25 में जलाशय निर्माण के लिए 302.441 एकड़ भूमि और विस्थापन शून्य दर्शाया गया है, जबकि जिला भू-अर्जन कार्यालय की 11 जुलाई 2026 की अधिसूचना में 14.275 एकड़ भूमि और लगभग 564 प्रभावित आवासों का उल्लेख है। नेताओं ने इसे प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर सवाल बताया।

किसान मोर्चा ने भू-अर्जन प्रक्रिया तत्काल निरस्त करने, क्षतिग्रस्त फसलों का उचित मुआवजा देने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो किसान व्यापक आंदोलन करेंगे। चौपाल में दिनेश कुमार, पवन कुमार, संजय कुमार, पप्पू कुमार, मनोज कुमार, संजय यादव, भोला यादव, रामजन्म प्रसाद और महेश प्रसाद सहित अन्य किसान शामिल हुए। अध्यक्षता कपिल देव प्रसाद ने की।

## नवादा : गुरु नानक देव जी महाराज मानवता के पुजारी थे : स्वामी शांतानंद



लोक तंत्र की आवाज

**नवादा।** प्रकृति की गोद में अवस्थित पूज्यपाद स्वामी नित्यानंद जी महाराज की साधना स्थली महर्षि संतसेवी ध्यानयोग आश्रम धनावां में आश्रम संचालक स्वामी शांतानंद जी महाराज के सानिध्य में 24नवंबर मंगलवार को सिख धर्म के संस्थापक महान संत गुरु नानक देव जी महाराज की 557 वीं पावन जयंती गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के साथ देव दीपावली के रुप में मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2बजे सर्व प्रथम संत सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज एवं गुरु नानक देव जी महाराज की आदमकद तस्वीर पर स्वामी शांतानंद जी महाराज ने पुष्पांजलि अर्पित की तदुपरांत सामुहिक संत स्तुति गुरु विनती के साथ गुरुवाणी के पाठ के साथ हुआ इस मौके पर आश्रम संचालक स्वामी शांतानंद जी महाराज ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा की महिमा सनातन धर्म के साथ साथ सिख धर्म में गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के रुप में मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा का सबसे प्रसिद्ध पौराणिक कथा त्रिपुरासुर वध की है जिसके अनुसार भगवान शिव ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन तारकासुर के पुत्रों तारकाक्ष,कमलाक्ष और विद्युन्माली को वध कर त्रिपुरारी कहलाए। देवताओं ने प्रसन्न होकर दीप प्रज्ज्वलित किये जिससे यह दिन त्रिपुरारी पूर्णिमा और देव दीपावली के रुप में प्रसिद्ध हुआ इस दिन गंगा स्नान कर गुरु पूजन, देव पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित कर दीप दान करने की महिमा है। देव दीपावली या कार्तिक पूर्णिमा के दिन सिख धर्म के संस्थापक महान संत गुरु नानक देव का अवतरण तलवंडी नानकाना पाकिस्तान में हुआ था इसलिए सिख धर्म में इस दिन को उनकी जयंती को प्रकाश पर्व या गुरु पर्व के रुप में मनाई जाती है। गुरु नानक देव जी महाराज ने संपूर्ण मानव समाज को एक ओंकार सतनाम ईश्वर की भक्ति,नाम जपो,मिल बांट खाओ,किरत करो, ईमानदारी से मेहनत करने तथा समानता सेवा और भाई चारे का संदेश दिया इस मौके पर सिपाही बाबा, हीरालाल, सनातन राज, अनिल कुमार यादव, संतोष कुमार शर्मा, सत्यनारायण, मोनम कुमारी, मिनता देवी आदि मौजूद थे।

## नाला निर्माण की मांग पर ग्रामीणों ने रोका सड़क कार्य



लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता**
**दाउदनगर,**
गोह (औरंगाबाद) गोह प्रखंड के दरधा-सहरसा मुख्य पथ पर बुधवार को सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने करीब एक घंटे तक रोक दिया। अमारी सूर्य मंदिर स्थित चारमुहान पर सड़क की चौड़ाई कम होने से आए दिन दुर्घटनाएं होने का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने निर्माण कार्य करा रहे कर्मियों के समक्ष नाराजगी जताई और काम बंद करा दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि सड़क निर्माण के दौरान चारमुहान की चौड़ाई बढ़ाई जाए। साथ ही जलनिकासी की समुचित व्यवस्था के लिए नाला निर्माण और बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके और आवागमन सुरक्षित हो सके। ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता की पहल और नाला निर्माण कराने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। इसके बाद सड़क निर्माण कार्य पुनः शुरू कराया गया। जेई केशव कुमार सिन्हा ने बताया कि नाला निर्माण का मामला सिंचाई विभाग से संबंधित है। बावजूद ग्रामीणों की मांग को देखते हुए सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से पहले नाला बनवाने का प्रयास किया जाएगा।

## श्री बाबू के योगदान को बिहार कभी भुला नहीं सकता : डॉ. महाचन्द्र सिंह

- आधुनिक बिहार के निर्माण में प्रथम मुख्यमंत्री की भूमिका ऐतिहासिक, पकरीबरावां में स्वर्ण आयोग के अध्यक्ष का भव्य स्वागत

लोक तंत्र की आवाज



**पकरीबरावां (नवादा)।** आधुनिक बिहार के निर्माण में प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह (श्री बाबू) के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने विकास की जो मजबूत आधारशिला रखी थी, उसी पर आज बिहार की विकास यात्रा आगे बढ़ रही है। श्री बाबू केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सर्वांगीण विकास के प्रतीक थे। उक्त बातें बिहार राज्य सवर्ण आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने बुधवार को पकरीबरावां में कहीं।

नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मारक सेवा सदन के समीप पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों ने डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया तथा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने स्मारक पहुंचकर बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अपने संबोधन में डॉ. सिंह ने कहा कि श्री बाबू ने बिहार को आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की राजनीति की। गरीबों, दलितों और वंचितों के उत्थान के लिए भी उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उनके भीतर समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और सम्मान देने की सोच थी। आज के राजनीतिक परिवेश में भी उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने स्मारक परिसर में डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा के अनावरण तथा सेवा सदन के हॉल की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाया। लोगों ने स्मारक के बेहतर रखरखाव और सेवा सदन के जीर्णोद्धार की आवश्यकता जताई। इस पर डॉ. महाचन्द्र सिंह ने हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, दिलीप कुमार रंजन, मुकेश सिंह, अरुण सिंह, कमलेश कुमार, लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष प्रणव दीप कुमार, देवेंद्र कुमार, सुदामा चौहान, विजय सिंह, विपिन कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## एनसीडीसी कंट्रोल की तीन सदस्यीय टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (NCDC) की तीन सदस्यीय टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था, साफ-सफाई और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल के विभिन्न विभागों और वार्डों की बारीकी से जांच की गई। साथ हीं ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों से बात चीत की वही टीम ने व्यवस्था में सुधार को लेकर अस्पताल प्रबंधन को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एनसीडीसी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. सुभाष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सबसे पहले दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। इसके बाद ओपीडी, पीकू वार्ड सहित अस्पताल के कई अन्य वार्डों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने दवाओं की उपलब्धता, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और अस्पताल की व्यवस्था की जानकारी ली। टीम ने संबंधित कर्मियों से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। वहीं, अस्पताल परिसर में जगह-जगह फैली गंदगी और साफ-सफाई की खराब स्थिति देखकर असिस्टेंट डायरेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने पर जोर दिया। इस संबंध में अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि एनसीडीसी की टीम अस्पताल पहुंची थी। टीम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों और वार्डों का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्था में सुधार के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप आवश्यक सुधार करने का प्रयास किया जाएगा।

## रहुई के मंदिलपुर और सोसंदी में 11 लाख की लागत से बने दो चौपालों का सांसद ने किया उद्घाटन

लोक तंत्र की आवाज



**हरनौत।** भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी ने रहुई प्रखंड के मंदिलपुर और सोसंदी गांव में नवनिर्मित दो चौपालों का उद्घाटन किया। दोनों चौपालों के निर्माण पर कुल 11 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। प्रत्येक चौपाल 5.50 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है। मंदिलपुर में कर्पूरी चौपाल और सोसंदी में चंद्रवंशी चौपाल का निर्माण कराया गया है।इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि चौपाल केवल बैठने की जगह नहीं, बल्कि ग्रामीणों के लिए बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र साबित होंगे। यहां जीविका समूह की महिलाएं बैठक करने के साथ शिव चर्चा, भजन-कीर्तन और अन्य सामाजिक गतिविधियां कर सकेंगी। बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे, वहीं किसान और मजदूर भी काम से लौटने के बाद आराम कर सकेंगे। चौपाल में बिजली और पंखे की व्यवस्था की गई है।

सांसद ने युवाओं को राजनीति में भागीदारी बढ़ाने का संदेश देते हुए कहा कि खेती, नौकरी और व्यवसाय के साथ राजनीति भी समाज के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा, शर्ट फेंको, कुर्ता पहनो और राजनीति पर कब्जा जमाओ।उन्होंने चंद्रवंशी समाज के युवाओं को शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की। कहा कि समाज के लिए दो मंत्र हैं- विज्ञान के लिए पढ़ो और अधिकार के लिए लड़ो। डॉ. सिंह ने बताया कि बिहार में 500 चौपालों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 100 चौपालों का उद्घाटन किया जा चुका है। मौके पर अलबेला राय, परमानंद चंद्रवंशी, शंभू यादव, गुड्डू कुमार, दीनानाथ चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, अजीत कुमार चंद्रवंशी, प्रो. रितेश निषाद समेत कई लोग मौजूद थे।

## वारिसलीगंज : नप द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने से सब्जी मंडी में लगती है जाम

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज नगर परिषद में पुलिस द्वारा संचालित नो एंट्री के बावजूद बाजार के सब्जी मंडी में जाम की स्थिति बन जाती है। जबकि नप के सामान्य समिति की बैठक में अधिकारी द्वारा कहा गया था, की माह में तीन बार माइकिंग कर नगर के मुख्य पथ से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। परंतु अधिकारी का बखत्व्य सिर्फ कागज के पन्नो में सिमट गया है। सामान्य समिति की बैठक का एक भी निर्णय लागू नही किया गया है। बाजारवासियों की माने तो सब्जी मंडी में सब्जी बिक्रेताओं द्वारा फुटपाथ के अलावे मुख्य सड़क पर सब्जी फैला कर बेचा जाता हैं। यह स्थिति सड़क के दोनो ओर देखने को मिलता है, करीब यही स्थिति नगर के गणेश धर्मशाला के दोनो तरफ सड़क में दिखती है, व्यवसायियों द्वारा अपने दुकान के आगे फुटपाथों पर सब्जी की दुकान लगा कर किराया वसूली जा रही है। लोक गायक सह माफी गली निवासी आनंद कुमार उर्फ टुन्नी सिंह ने कहा कि बाजार में जाम का अब दो तीन प्रमुख कारण है, जिसमें बसों का सड़क पर खड़ी करना, सब्जी मंडी समेत सम्पूर्ण बाजार में फुटपाथों पर बेतरतीब अतिक्रमण तथा ई रिक्शा का जहां तहां खड़ा करना प्रमुख है, जिसके समाधान बाद ही बाजार को जाम से मुक्ति मिल सकेगा।

**क्या कहते हैं नप के अधिकारी:**
सामान्य समिति की बैठक में प्रस्ताव लेकर निर्देश के लिए जिला भेजा गया है स्वीकृति मिलते हैं, बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने की योजना पर नगर कार्यालय कार्य करेगा।
-समीर कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नप वारिसलीगंज।

## ऐतिहासिक गांधी म्यूजियम में गूंजा '20 साल बेमिसाल', श्याम रजक और राजू बरनवाल ने किया भव्य शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज



**गयाजी।** गयाजी के ऐतिहासिक गांधी म्यूजियम में आज एक भव्य और प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया है। '20 साल बेमिसाल' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में जदयू महानगर जिला अध्यक्ष राजू बरनवाल शामिल हुए हैं। समारोह की शुरुआत जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और मा विधायक श्याम रजक जी एवं महानगर जिला अध्यक्ष राजू बरनवाल, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा , अरविंद सिंह, कुंडल वर्मा, मौलाना उमर नूरानी सहित अन्य गण्यमान्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ की गई। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा है।

**दो दशकों की विकास यात्रा का हुआ स्मरण:** यह कार्यक्रम मुख्य रूप से बीते 20 वर्षों की बेमिसाल उपलब्धियों, राजनीतिक व सामाजिक संघर्षों और बिहार के विकास की यात्रा को समर्पित था। वक्ताओं ने बीते दो दशकों में हुए बुनियादी ढांचे के विकास और जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला है। राजू बरनवाल ने इस आयोजन को कार्यकर्ताओं और आम जनता के लिए बेहद प्रेरणादायक बताया है। प्रबुद्ध जनों और कार्यकर्ताओं का जताया आभार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, बुद्धिजीवियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। समारोह के सफल आयोजन पर महानगर जिला अध्यक्ष राजू बरनवाल ने वहां मौजूद सभी सम्मानित साथियों और प्रबुद्ध जनों का हृदय से आभार प्रकट किया है।

**न्याय के साथ विकास के '20 साल बेमिसाल':** गया के ऐतिहासिक गांधी म्यूजियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर जीबी रोड, गया रमना स्थित अपने आवास 'समर्पण भवन' से जदयू के हजारों समर्पित साथियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के साथ एक विशाल रोड शो करते हुए हम सभी कार्यक्रम स्थल तक पहुँचे। रोड शो के दौरान साथियों का उत्साह और जनता का अटूट विश्वास यह बता रहा था कि बिहार की विकास यात्रा को लेकर जन-जन में कितना उत्साह है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में न्याय के साथ विकास के इन बेमिसाल 20 वर्षों की उपलब्धियां हर बिहारी के चेहरे पर मुस्कान बनकर चमक रही हैं। इस भव्य आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए उपस्थित सभी साथियों और गया की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार एवं धन्यवाद!

## संक्षिप्त खबरें

### बिजनौर हल्दौर पुलिस ने वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट मुकेश सिंह
हल्दौर। थाना पुलिस द्वारा एक मुकदमे में वांछित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त कार तथा सात खाली प्लास्टिक की कैन सहित गिरफ्तार कर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार करीब एक माह पूर्व वादी चन्द्रमोहन पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम ज्ञानपुर, थाना नगीना, जनपद बिजनौर द्वारा थाना हल्दौर पर तहरीर दी गई कि एक अज्ञात व्यक्ति काले रंग की टाटा सफारी कार से आया तथा गाड़ी में रखी कैनों में 750 लीटर डीजल जिसकी कीमत लगभग 71,400 रुपए थी, भरवाया। इसके बाद सेल्समैन को हाथ से पर्ची बनाने के लिए कहकर कार्यालय में भेज दिया तथा फोन पर बात करते हुए डीजल लेकर गाड़ी सहित फरार हो गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात टाटा सफारी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरु की गई। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त तंजील अली अंसारी पुत्र वाजिद अली अंसारी निवासी मौहल्ला शाहमदार जाहफर नवाज, थाना कोतवाली शहर, जनपद सहारनपुर को मंगलवार को थाना हल्दौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार तथा सात खाली प्लास्टिक की कैन बरामद की गई। अभियुक्त पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### पीलीभीत अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट मुकेश सिंह
पीलीभीत/पूरनपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पूरनपुर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर की रात रुरिया पुलिया से नहर पटरी खुटार रोड के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे बाबू बेग पुत्र अफसर बेग निवासी ग्राम जादौपुर गहलुईया, थाना पूरनपुर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 485/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

**। विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा :**पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध वर्ष 2010 से 2025 तक चोरी, लूट,अन्य आपराधिक धाराओं और गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित आठ मुकदमे दर्ज हैं। मौजूदा तमंचा बरामदगी का मुकदमा मिलाकर उसके खिलाफ कुल नौ मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सोनकर, कांस्टेबल अंकित तालियान और पुलिस बल थे।

### बिहार के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज रमेश कुमार लखनऊ में घूस लेते गिरफ्तार, सीबीआई ने दबोचा



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। पटना में तैनात बिहार के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज रमेश कुमार को सीबीआई ने लखनऊ में आवास विकास परिषद की कालोनी वृंदावन से गिरफ्तार किया। रमेश कुमार को सीबीआई ने तीन लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा। पटना में तैनात रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज रमेश कुमार को लखनऊ में सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने पकड़ा। रमेश कुमार पटना में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पद पर कार्यरत है और उसके पास लिक्विडेटिंग ऑफिसर की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी है। रमेश स्क्रैप के ठेके में अड़ंगा डालकर कंपनी संचालक पर घूस देने का दबाव बना रहा था।

### माल ब्लॉक में कुछ ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव मिलकर लूट का परचम लहरा रहे हैं..हो रहे खूब मालामाल.. कार्रवाई शून्य

लोकतंत्र की आवाज
सऊद शेख
मलिहाबाद माल। लखनऊ माल ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में कथित भ्रष्टाचार का मामला लगातार सुर्खियों में है। कहीं स्ट्रीट लाइट के नाम पर भुगतान तो कहीं हैंडपंप मरम्मत के नाम पर सरकारी धन निकाले जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। आरोप है कि कुछ ग्राम पंचायतों में प्रधान और सचिव मिलकर कागजों पर विकास कार्यों का हिसाब तैयार कर रहे हैं और बिल-वाउचर अपलोड कर सरकारी धन का भुगतान करा रहे हैं। लेकिन सवाल सिर्फ प्रधान और सचिवों पर ही नहीं, बल्कि उन अधिकारियों पर भी है जिनके कंधों पर सरकारी धन की निगरानी और जांच की जिम्मेदारी है।

**खबरें छपती रहीं, जिम्मेदारों की नींद क्यों नहीं टूटी?:** समाचार पत्रों में लगातार खबरें प्रकाशित हो रही हैं। सवाल उठ रहे हैं, शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक ठोस तस्वीर सामने नहीं आई। आखिर अधिकारियों को किस बात का इंतजार है? क्या सरकारी धन के खर्च का हिसाब मांगना भी अब गैरजरूरी हो गया है? यदि सब कुछ नियमानुसार हुआ है तो अधिकारी सार्वजनिक रूप से जांच रिपोर्ट सामने क्यों नहीं रखते? और यदि अनियमितताएं हैं तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती?

**अधिकारियों की चुप्पी भी अब सवालों के घेरे में...:** क्या माल ब्लॉक में जांच और कार्रवाई केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गई है? क्या समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ता? या फिर जिम्मेदारों को जवाबदेही से बचने का पूरा मौका दिया जा रहा है?

**जनता के टैक्स का पैसा किसी की निजी जागीर नहीं है:** यह जनता की मेहनत की कमाई है। अगर स्ट्रीट लाइट और हैंडपंप मरम्मत के नाम पर फर्जी भुगतान हुआ है तो उसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। माल ब्लॉक में सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच कराकर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। आखिर कब तक जनता सवाल पूछती रहेगी और जिम्मेदार अधिकारी खामोशी की चादर ओढ़े बैठे रहेंगे?

# देश धर्म माफियाओं के मकड़जाल में फंस चुका है, कथावाचक देश और संविधान की रक्षा नहीं करेंगे : संजय गुर्जर



लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
**देवबंद।** ग्रेटर नोएडा। 25 नवंबर को भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन, पीडीएमएम गठबंधन, भारतीय किसान यूनियन एस एवं सामाजिक न्याय एकता मंच के नेताओं की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। पश्चिम उत्तर प्रदेश अलग राज्य का गठन काफी पुराना मामला है। 26 जिले 6 मंडल और 8 करोड़ की आबादी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की है इसलिए पश्चिम उत्तर प्रदेश अलग राज्य का गठन बेहद जरूरी है।

बीजेपी की प्रदेश और केंद्र की सरकार को गंभीरता दिखाते हुए जल्द से जल्द पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य का गठन कर देना चाहिए। भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीएमएम गठबंधन के प्रमुख संजय गुर्जर ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि पूरे देश में सामाजिक न्याय एकता मंच के नेतृत्व में लोग एकत्रित हो रहे हैं और इस देश को दूसरे जयप्रकाश नारायण के आंदोलन की आवश्यकता है। सामाजिक न्याय एकता मंच की कमेटी में देश के 100 बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध लोग जुड़े हुए हैं। लोकतंत्र, जम्हूरियत, डेमोक्रेसी को बचाए रखने के लिए जाति-धर्म की राजनीति को छोड़कर देश के विकास और जनता के हितों की बात करनी होगी।

देश आज धर्म माफियाओं के मकड़जाल में फंस चुका है, कथावाचक देश और संविधान की रक्षा नहीं करेंगे। हम सबको इससे बाहर आना होगा। ग्रेटर नोएडा किसान विकास समिति के सचिव तथा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने पत्रकारों को बताया कि ग्रेटर नोएडा में चुनाव बहाली को लेकर या ग्राम पंचायत व्यवस्था को सुचारु करने के लिए हमने जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर से वार्ता की है और पंचायत राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर से भी बात कर रहे हैं।

यहां ग्रेटर नोएडा और नोएडा की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और जनता अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटक रही है। हमें उम्मीद है कि जल्द से जल्द इस पर प्रदेश सरकार कोई बड़ा निर्णय लेगी। सामाजिक न्याय एकता मंच से राजेश्वर भाटी ने बताया कि सामाजिक न्याय महापंचायत जल्दी दिसंबर में स्थाना में हो रही है, जिसमें समाज हितों की बात करने वाले और समाज में सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाले योद्धा जुड़ेंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को अब जाति-धर्म की राजनीति से अलग हटकर लोकतंत्र और संविधान को मानने वालों की सरकार का गठन करना होगा। पीडीएमएम गठबंधन दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रभावी है। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश में भी आगामी समय में चुनाव लड़ने की बड़ी रणनीति है।

भारतीय किसान यूनियन एस के प्रदेश महासचिव बबली गुर्जर, भारतीय किसान यूनियन एस की यूथ विंग के प्रवक्ता जितेंद्र सिंह भाटी सहित सभी नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित रहे।

### लाला पूरण चंद साहनी इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज

- मुख्य अतिथि पुष्कर मिश्रा ने किया शिविर का उद्घाटन, विद्यार्थियों को अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
**देवबंद।** लाला पूरण चंद साहनी मेमोरियल इंटर कॉलेज देवबंद में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुष्कर मिश्रा (यूनिट हेड) ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं स्काउट-गाइड गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि पुष्कर मिश्रा ने कहा कि खेलकूद और स्काउट-गाइड जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और समाज सेवा का भाव विकसित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक गतिविधि में पूरे उत्साह और सकारात्मक सोच के साथ भाग लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रबंधन एवं शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक गिरीश कोहली, प्रधानाचार्य डॉ. श्रीमती सुनीता शाही, श्रीमती मधुलिका, गाइड पंकज शर्मा सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन राजीव कुमार ने किया। शिविर के शुभारंभ पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को खेलकूद के साथ-साथ अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व के महत्व से परिचित कराने का संदेश दिया गया।

### गन्ना पर्यवेक्षक और मोहर्रिर भर्ती के प्रवेश पत्र जारी, 29 को होगी एग्जाम, प्लाटून कमांडर भर्ती की आंसर-की भी अपलोड



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से गन्ना पर्यवेक्षक के 1182 और भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के अधीन मोहर्रिर के 92 पदों पर भर्ती के लिए 29 नवंबर को लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। आयोग ने दोनों परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं।वहीं, होमगार्ड्स मुख्यालय के अधीन प्लाटून कमांडर, ब्लाक आर्गनाइजर और हवलदार प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी भी जारी कर दी गई है। इन पदों के लिए 22 नवंबर को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उत्तर कुंजी देखकर एक दिसंबर तक किसी भी प्रश्न या उत्तर पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस भर्ती के तहत प्लाटून कमांडर के 52, ब्लाक आर्गनाइजर के 243 और हवलदार प्रशिक्षक के 209 पदों पर चयन किया जाना है।

# बिजनौर ट्रक की टक्कर से मां-बेटी की मौत

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट जसवीर सिंह**
**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की तहसील चांदपुर में उस समय सड़क पर अफरा तफरी मच गई जब एक ट्रैक्टर गंगा स्नान करके अपने गांव वापस लौट रहे थे पर उन्हें क्या पता था कि आगे भी हंसी खुशी कोई उनका इंतजार कर रहा है ट्रैक्टर में बहुत सारे लोग मौजूद थे जिनमें से 7 घायलः हो गए बिजनौर में ड्राइवर को जेसीबी से निकाला, गंगा स्नान से लौट रहा था परिवार

बिजनौर में ट्रक की टक्कर से मां-बेटी की मौत हो गई। ट्रॉली में सवार 7 लोग घायल हो गए। मंगलवार दोपहर 1 बजे गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली को गन्ने से लदे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चढ़ गया। ट्रॉली में सवार एक महिला और उनकी बेटी की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए।





ड्राइवर गाड़ी के नीचे दब गया। वह भी नारनौर घाट से स्नान कर लौट रहा था परिवार चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर झोझा निवासी निलेश पत्नी, बच्चों और रिश्तेदारों के साथ कार्तिक पूर्णिमा पर नारनौर गंगा घाट पर स्नान करने गए थे। मंगलवार दोपहर सभी अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौट रहे थे।

चांदपुर-जलीलपुर मार्ग पर गांव अकबरपुर सीमली के पास पीछे से आए गन्ने से भरे ट्रक ने ट्रॉली को टक्कर मार दी। बताया गया कि सड़क किनारे कच्ची मिट्टी होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चढ़ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रॉली में बैठी महिलाएं और बच्चे सड़क पर गिर गए। ट्रॉली में करीब पांच महिलाएं, दो पुरुष और चार बच्चे सवार थे।

**जेसीबी से निकाला गया निलेश, सात लोग घायलः** हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक निलेश वाहन के नीचे दब गया। उसे निकालने के लिए तीन जेसीबी की मदद ली गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक को पलटाकर निलेश को बाहर निकाला गया। उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर बिजनौर रेफर किया गया। घायल जानकी पत्नी ओमपाल को भी गंभीर हालत में हायर सेंटर भेजा गया है। वहीं पूजा, मुन्नी, ओमपाल, प्रिंस और तीन वर्षीय खुशी को चोटें आई हैं। सभी घायलों को पहले सीएचसी स्याऊ पहुंचाया गया था। यहां डॉक्टरों ने विमलेश और निधि को मृत घोषित कर दिया। दंपती के तीन बच्चे हैं। इनमें सबसे बड़ी बेटी निधि थी और दो बेटे हैं। मां-बेटी की मौत से परिवार में मातम पसरा है।

घायल मुन्नी और ओमपाल ने आरोप लगाया कि ट्रक चालक ने तेज रफ्तार में ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि, टक्कर के कारणों की जांच पुलिस कर रही है। हादसे की सूचना पर चांदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीएम और एसपी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की जानकारी ली। उनकी मौत की खबर सुनकर उनके घर में कोहराम मचा हुआ है।

### आवासीय भ-उपयोग में बनवा दी औद्योगिक प्लाइवुड फैक्ट्री ! सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

लोकतंत्र की आवाज

**साजिद सलमानी ब्यूरो चीफ**
**सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण में नियमों को ताक पर रखकर फैक्ट्री का अवैध निर्माण कराने का एक गंभीर मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि विकास प्राधिकरण के जोन 6 मे ग्राम शेखवाला में आवासीय भू-उपयोग वाली भूमि पर औद्योगिक प्लाइवुड फैक्ट्री का प्रतिबंधित निर्माण कराए जाने का आरोप लगा है। आरोप है कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत और भ्रष्टाचार के चलते आवासीय भू-उपयोग मे औद्योगिक गतिविधियों से जुड़ी फैक्ट्री का निर्माण करा दिया गया।

नियमानुसार किसी भी भूमि पर निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों के संचालन के लिए निर्धारित भू-उपयोग तथा संबंधित प्राधिकरण की स्वीकृतियों का पालन करना अनिवार्य है। इसके बावजूद ग्राम शेखवाला में आवासीय भू-उपयोग की भूमि पर प्लाइवुड फैक्ट्री का निर्माण होना प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है महायोजना के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में प्लाईवुड फैक्ट्री का निर्माण एवं संचालन प्रतिबंधित है।



- ग्राम शेखवाला में भू-उपयोग नियमों की खुलेआम अनदेखी का आरोप, प्राधिकरण अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी क्षेत्र में अवैध निर्माण रोकने और भू-उपयोग नियमों का पालन कराने के लिए जिम्मेदार हैं, तो फिर आवासीय क्षेत्र में प्रतिबंध औद्योगिक फैक्ट्री का निर्माण कैसे हो गया? जबकि सच यह है कि विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने पूर्ण जानकारी से जानबूझकर निर्माण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

यह भी जानकारी मिली है कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अवैध निर्माणकर्ताओं से वाद पत्रावली पर शमन मानचित्र और लाखों का शुल्क जमा कर लिया गया लेकिन बिना मानचित्र स्वीकृति के और बिना पूर्णता प्रमाण पत्र के मौके पर फैक्ट्री का निर्माण करवा कर उसमें प्लाईवुड फैक्ट्री का संचालन करवा दिया है जो आवासीय भू-उपयोग में प्रतिबंधित है।

अब निगाहें सहारनपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और उच्चाधिकारियों पर टिकी हैं। देखना होगा कि ग्राम शेखवाला के इस मामले में निष्पक्ष जांच कराई जाती है या फिर आवासीय भू-उपयोग में औद्योगिक फैक्ट्री का निर्माण कराने वालों को अभयदान मिलता रहेगा। अब शिकायतकर्ता के पास लोकायुक्त और एंटी करप्शन कोर्ट में जाने का पूरा विचार है।

### बीडीओ कार्यालय का घेराव कर किसान सेना ने उठाईं ग्रामीणों की समस्याएं, बोले' आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए

लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
**देवबंद।** पुवारका ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर किसान सेना (अराजनीतिक) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष जयेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुवारका ब्लॉक स्थित खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने सरकंडी शेख गांव सहित ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न गांवों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए अधिकारियों के समक्ष ग्रामीणों की परेशानियां रखीं।

घेराव के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व में भी बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया था, लेकिन लंबे समय बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। अधिकारियों की ओर से सुनवाई और कार्रवाई न होने के चलते संगठन को दोबारा कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित एक और ज्ञापन बीडीओ को सौंपा और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।



- जिला अध्यक्ष जयेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन, बीडीओ ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन

इस अवसर पर किसान सेना के पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, बल्कि ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का धरातल पर समाधान चाहिए। वहीं, बीडीओ ने संगठन के पदाधिकारियों की ओर से उठाई गई सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी श्रवण शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष संजय मलियान, ब्लॉक अध्यक्ष सत्तार, जिला सचिव राहुल, जिला संगठन मंत्री आशु सैनी, नगर उपाध्यक्ष गीत बबलू, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद पहलवान, जिला संरक्षक सन्नवर अली, मोहम्मद आगाज सहित किसान सेना (अराजनीतिक) के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम प्रिंस वर्मा से की शिष्टाचार भेंट, नगर की समस्याओं से कराया अवगत

लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**
**देवबंद।** प्रेस क्लब देवबंद के अध्यक्ष मुमताज अहमद मलिक के नेतृत्व में क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त उपजिलाधिकारी (एसडीएम) प्रिंस वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं।

शिष्टाचार भेंट के दौरान प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों ने देवबंद नगर की विभिन्न जनसमस्याओं एवं नागरिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को एसडीएम प्रिंस वर्मा के समक्ष रखा। उन्होंने नगर की व्यवस्थाओं, जनसुविधाओं तथा आम जनता को होने वाली परेशानियों से प्रशासन को अवगत कराते हुए समस्याओं के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर एसडीएम प्रिंस वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने जनहित से जुड़े कार्यों में मीडिया से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा भी जताई।

प्रेस क्लब अध्यक्ष मुमताज अहमद मलिक ने कहा कि प्रेस क्लब हमेशा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाता रहा है और आगे भी नगर की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखकर उनके समाधान के लिए सकारात्मक भूमिका निभाता रहेगा। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष मुमताज अहमद मलिक, अशोक गुप्ता, असद सिद्दीकी, सैयद वजाहत शाह, सिकंदर गौर, राजकुमार जाटव, महताब आजाद, हसनैन प्रधान सहित क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



**एसडीएम का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत, समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का मिला आश्वासन**

# बिजनौर पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता अन्नू कपूर, खास बातें

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
**बिजनौर।** शानदार फिल्मी सफर : 20 फरवरी 1956 को भोपाल में जन्मे अन्नू कपूर ने 1983 में श्याम बेनेगल की फिल्म मंडी से अपने करियर की शुरूआत की थी और अब तक 100 से अधिक फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभा चुके हैं। यादगार किरदार: मिस्टर इंडिया, तेजाब, डर, विक्की डोनर, जॉली एलएलबी 2 और ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों में उनके दमदार अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता: फिल्म विक्की डोनर (2012) में डॉक्टर बलदेव चड्ढा के किरदार के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा बाल फिल्म अभय के निर्देशन के लिए भी उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।



**बहुमुखी प्रतिभा के धनी:** अभिनय के साथ-साथ वे एक बेहतरीन गायक, निर्देशक और रेडियो प्रेजेंटर भी हैं। टीवी शो अंताक्षरी की मेजबानी और रेडियो शो सुहाना सफर विद अन्नू कपूर के जरिए उन्होंने घर-घर में अपनी खास पहचान बनाई है।

**बेस्ट वेस्टर्न प्रिंस में की फिल्म की शूटिंग:** बिजनौर बॉलीवुड के मशहूर और मंझे हुए अभिनेता अन्नू कपूर अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में बिजनौर पहुंचे। उनके शहर में आने की खबर से स्थानीय लोगों और उनके प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के नूरपुर रोड पर गोल बाग के पास स्थित होटल बेस्ट वेस्टर्न प्रिंस में फिल्म के कई महत्वपूर्ण दृश्यों को फिल्माया गया। शूटिंग के दौरान होटल परिसर और आसपास के क्षेत्र में चहल पहल का माहौल रहा। अन्नू कपूर ने अपने सहज और मिलनसार स्वभाव से शूटिंग यूनिट और होटल स्टाफ का दिल जीत लिया। बिजनौर जैसे शांत और खूबसूरत शहर में फिल्म की शूटिंग होना स्थानीय कला और पर्यटन के लिए भी एक सुखद संकेत माना जा रहा है। अन्नू कपूर ने बिजनौर की मेहमाननवाजी और यहां के शांत माहौल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों की सादगी और लोगों का अपनापन उन्हें हमेशा आकर्षित करता है, और यहां शूटिंग करने का अनुभव बेहद यादगार रहा। उन्होंने अपने फिल्मी सफर और आगामी प्रोजेक्ट्स से जुड़े कई दिलचस्प पहलू भी साझा किए।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने लौटाई 66 लोगों की मुस्कान, गुम और चोरी हुए मोबाइल मिले तो खिले चेहरे



लोकतन्त्र की आवाज़
राधानगर साहेबगंज । अगर आपका गुम या चोरी हुआ मोबाइल भी मिल जाए तो कैसा लगेगा, यही खुशी बुधवार को राधानगर थाना परिसर में देखने को मिली। पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के निर्देश पर चलाए जा रहे *खोजे मोबाइल कार्यक्रम के तहत बरामद किए गए 66 मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे गए। मोबाइल वितरण कार्यक्रम शाम 4 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल ने किया। इस मौके पर राधानगर, राजमहल, तालझारी एवं तीनपहाड़ के थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र से सबसे अधिक 42 मोबाइल बरामद हुए, जिनमें 02 आईफोन भी शामिल हैं। वहीं तालझारी से 12 मोबाइल मिले, जिनमें 07 आईफोन हैं। इसके अलावा राधानगर से 08 और तीनपहाड़ से 04 मोबाइल बरामद कर लौटाए गए। महीनों बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पुलिस को धन्यवाद दिया। कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि उनका मोबाइल कभी वापस मिलेगा।

### मुंगेर में गूंजेगा पावर स्टार का धमाका! 28 नवंबर को पवन सिंह का भव्य लाइव कंसर्ट शो



लोकतंत्र की आवाज
अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ
मुंगेर। भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह का भव्य लाइव कंसर्ट शो अब 28 नवंबर को शाम 6:00 बजे से शहर के बिंदवाड़ा स्थित हवाई अड्डा के मैदान में आयोजित होगा। शहर के भगत सिंह चौक स्थित होटल हरी इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की मुख्य आयोजक राजनंदनी ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह का 28 नवंबर को लाइव कंसर्ट शो आयोजित होना निश्चित है और मुंगेर जिला प्रशासन की ओर से इसकी अनुमति (NOC) मिल गई है। उन्होंने बताया कि पहले भी पवन सिंह का लाइव कंसर्ट शो निर्धारित था, लेकिन आचार संहिता एवं दुर्गा पूजा इत्यादि को लेकर जिला प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं दी गई थी। इस बार जिला प्रशासन की ओर से लाइव कंसर्ट शो करने के लिए NOC मिल गया है। इस अवसर पर कमेटी के संजीव सिंह, युवराज सिंह, छविकांत मिश्रा, पवन कुमार, प्रशांत कुमार, ऋतुराज बसंत आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### बिरौली चौक पर जाम की गंभीर समस्या, यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत

लोक तंत्र की आवाज
पूसा/ समस्तीपुर। पूसा प्रखंड की मोरसंड पंचायत अंतर्गत बिरौली चौक पर आए दिन भीषण जाम की समस्या बनी रहती है। यह चौक दो प्रमुख सड़कों का मिलन स्थल है। एक सड़क पूसा से समस्तीपुर जाती है, जबकि दूसरी सड़क कल्याणपुर, टारा चौक से बिरौली चौक होते हुए पूसा और ताजपुर की ओर जाती है। जाम के दौरान आम लोगों, राहगीरों, स्कूली बच्चों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस स्थान पर पूर्व में कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। आज भी जाम के दौरान भाकपा-माले जिला कमेटी सदस्य, सह आरवाईए जिला सचिव रौशन कुमार ने स्वयं सड़क पर उतरकर वाहनों को निकलवाने और यातायात सुचारू कराने में सहयोग किया। आगे जिला प्रशासन एवं यातायात विभाग से मांग है कि बिरौली चौक पर नियमित रूप से यातायात पुलिस या ट्रैफिक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाए एवं गोलंबर का निर्माण हो ताकि जाम और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।जनता की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### बिहपुर-खरीक के किसानों के लिए बड़ी सौगात, 27.48 करोड़ से बनेंगे दो पीपापुल



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर, नवगछिया। बिहपुर और खरीक प्रखंड के गंगा दियारा क्षेत्र में खेती-किसानी को सुगम बनाने के लिए दो पीपापुल का निर्माण कराया जाएगा। नरकटिया लतामबाड़ी और नन्हकार ढाला गंगा मरगंग धार पर बनने वाले इन दोनों पीपापुलों पर करीब 27.48 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बुधवार को सूबे के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधायक इं. कुमार शैलेंद्र ने फोन पर इसकी जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि दोनों पीपापुलों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। पुलों के निर्माण से बिहपुर प्रखंड के कई गांवों के सैकड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। करीब 20 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैले गंगा दियारा में किसानों के लिए खेती करना आसान हो जाएगा। साथ ही खेतों से अनाज और अन्य कृषि उत्पाद घर तक लाने में होने वाली परेशानी भी दूर होगी। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रो. गौतम ने बताया कि नरकटिया धार पर 14.04 करोड़ रुपये तथा नन्हकार धार पर 13.44 करोड़ रुपये की लागत से पीपापुल का निर्माण कराया जाएगा। दोनों पुलों के बनने से लत्तीपुर, नरकटिया, गौरीपुर, अमरपुर, बभनगामा, सोनवर्षा, मड़वा और जयरामपुर क्षेत्र के किसानों को गंगा दियारा में आवागमन और कृषि कार्य में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि उपज को सुरक्षित तरीके से घर तक पहुंचाना भी आसान होगा।

# कहलगाँव: 1915 से चली आ रही पूजा की परंपरा ने लिया भव्य मेले का रूप





लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। कहलगाँव अनुमंडल का इकलौता ऐतिहासिक कार्तिक मेला बना श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र, पांच दिनों तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम। सनोखर बाजार स्थित ऐतिहासिक कार्तिक मंडप में मंगलवार को भगवान कार्तिकेय की प्रतिमा स्थापना एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पांच दिवसीय भव्य कार्तिक मेले का शुभारंभ हुआ। वर्ष 1915 से शुरू हुई पूजा की परंपरा आज एक भव्य मेले का रूप ले चुकी है। यह मेला कहलगाँव अनुमंडल का इकलौता कार्तिक मेला होने के कारण क्षेत्रभर के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण एवं आस्था का केंद्र बना हुआ है।

ऐतिहासिक कार्तिक मंडप में भगवान कार्तिकेय के दर्शन एवं पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान कार्तिकेय सच्चे मन से आराधना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी आस्था और विश्वास के कारण सनोखर का कार्तिक मेला वर्षों से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस अवसर पर भगवान कार्तिकेय के साथ भगवान गणेश, भगवान भोलेनाथ, माता सरस्वती एवं माता लक्ष्मी की आकर्षक प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। मूर्ति स्थापना एवं पूजा-अर्चना के मुख्य यजमान दंपति अर्जुन केशरी एवं शिवांगी केशरी हैं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूले, तारामाची सहित कई आकर्षक मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में आयोजित होने वाली डांस इंडिया डांस प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रहेगी। इसमें बिहार, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के प्रतिभागी अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मेला शांति समिति के अध्यक्ष नितीन भगत, उपाध्यक्ष अंकित टेकरीवाल, सचिव भीम साह, कोषाध्यक्ष निक्कु महतो, उपसचिव अमित गुप्ता एवं उप कोषाध्यक्ष प्रियांशु राज सहित समिति के सभी सदस्य एवं स्थानीय युवा कार्यकर्ता मेले को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले इस मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। मेले को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनोखर की ऐतिहासिक विरासत, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक भी है। 1915 से चली आ रही यह परंपरा आज भी नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ रही है।

## झारखण्ड स्थापना दिवस पर दौड़ी सड़क सुरक्षा जागरूकता LED वैन, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दिया यातायात नियमों का संदेश



लोकतन्त्र की आवाज़

साहिबगंज। झारखण्ड स्थापना दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत बुधवार को जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता LED वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। जागरूकता LED वैन जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंची। वैन के माध्यम से ऑडियो-विजुअल संदेशों द्वारा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाना, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर सहायता प्रदान करना और लोगों को यातायात नियमों के महत्व को समझाना है। इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## एक जमीन, 54 लाख का मुआवजा और 10 दावेदार: फोरलेन की राशि पर छिड़ा महाभारत, कोर्ट के आदेश पर अब वसूली की तैयारी

लोकतंत्र की आवाज

अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ
मुंगेर। मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन के लिए ली गई एक जमीन अब एक ही परिवार के लिए महाभारत बन गई है। मुआवजे के करीब 54 लाख रुपये को लेकर 10 भाई-बहनों में ऐसा विवाद छिड़ा है कि मामला हाईकोर्ट से होते हुए जिला जज की अदालत तक पहुंच गया। अब कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने गलत तरीके से निकाली गई राशि की वसूली के लिए निलामी केस की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला स्व. नरेश प्रसाद महतो उर्फ नरेश कुमार यादव की जमीन का है। वर्ष 2021 में सरकार ने फोरलेन निर्माण के लिए उनकी जमीन अधिग्रहित की थी। इसके बदले करीब 54 लाख रुपये मुआवजा बना। इसी पैसे को लेकर परिवार दो हिस्सों में बंट गया।



- गलत शपथ-पत्र से बड़े भाई ने उड़ा लिए 27 लाख
- 9 भाई-बहनों की मांग हैं कि हमारा हक हमें मिले, पैसा वापस हो

परिवार की कहानी ही इस विवाद की जड़ है। नरेश महतो की पहली शादी स्व. रेखा देवी से हुई थी। पहली पत्नी से एक पुत्र अजीत कुमार हुए। बेटे के जन्म के करीब छह महीने के अंदर ही रेखा देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद नरेश महतो ने सविता देवी से दूसरी शादी की। दूसरी पत्नी से 5 पुत्र और 3 पुत्री हुईं। इनमें असीत कुमार, अमीत कुमार, अनीत कुमार, अमृत महतो, अतीत कुमार सुमन, बबीता कुमारी, रूबी रानी और रुचि कुमारी शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि 54 लाख रुपये में सभी 10 भाई-बहनों का बराबर-बराबर हिस्सा बनता है। लेकिन आरोप है कि पहली पत्नी के पुत्र अजीत महतो ने गलत शपथ-पत्र के सहारे आधी राशि यानी करीब 27 लाख रुपये निकाल लिए और बाकी लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

हक के लिए भाइयों ने पटना हाईकोर्ट में C.W.J.C. No. 8696/2022 दाखिल किया। साथ ही M.J.S. No. 3140/2023 का भी हवाला दिया। हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय, मुंगेर को L.A. No. 6/2023 को 3 महीने में निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस पर जिला जज ने 20 अगस्त 2026 को आदेश पारित किया। अब अमृत महतो ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवेदन देकर मांग की है कि अजीत कुमार से धोखाधड़ी कर निकाली गई 27 लाख रुपये की राशि वापस ली जाए। इसके बाद कुल राशि को 10 बराबर हिस्सों में बांट दिया जाए, ताकि सभी को उनका हक मिल सके।

फिलहाल, आवेदन भू-अर्जन कार्यालय में पहुंच चुका है। कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने अजीत महतो पर निलामी केस कर पैसा वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब सबकी नजर इस पर टिकी है कि यह महाभारत कब खत्म होगा और 9 हिस्सेदारों को उनका हक कब मिलेगा।

## सुपौल में डीडीसी इंद्रवीर कुमार ने योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण, गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश

लोक तंत्र की आवाज

सुपौल। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्री इंद्रवीर कुमार ने बुधवार को विकसित भारत जी राम जी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुपौल प्रखंड के चैन सिंह पट्टी पंचायत में योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया तथा ऑनलाइन दर्ज प्रविष्टियों का स्थल पर भौतिक सत्यापन भी किया।



निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने चैन सिंह पट्टी स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय में निर्माणाधीन चारदीवारी का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी की। इसके साथ ही विद्यालय में कायाकल्प अभियान के तहत कराए जा रहे रंग-रोगन एवं मरम्मत कार्यों का भी निरीक्षण किया। डीडीसी ने उपस्थित प्रधानाध्यापक को स्पष्ट निर्देश दिया कि कायाकल्प अभियान के तहत चारदीवारी निर्माण, रंग-रोगन एवं मरम्मत से संबंधित सभी कार्य इस महीने के अंत तक हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत भी दी।

इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने वृक्षारोपण योजना का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के लाभुक से बातचीत कर पौधरोपण से संबंधित जानकारी ली। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को वृक्षारोपण के पर्यावरणीय महत्व और उससे होने वाले आर्थिक लाभों के बारे में बताया तथा अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान निदेशक अनित कुमार सहित पंचायत के सभी संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## अदानी पॉवर प्लांट और रेलवे की जमीन का सत्यापन करने पहुंचे अधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती में अदाणी पावर और रेलवे की जमीन को लेकर विवाद है। रेलवे की जमीन पर शीतला माता मंदिर और कब्रिस्तान बनाने की शिकायत के बाद बुधवार को रेलवे अधिकारी जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने जमीन का सत्यापन यूकिया, लेकिन नक्शे से उसकी स्थिति साफ नहीं हो सकी।



स्थानीय ग्रामीणों और किसान चेतना समिति के अध्यक्ष श्रवण सिंह ने मालदा रेल मंडल के डीआरएम को लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अदाणी पावर कंपनी रेलवे की जमीन पर शीतला माता मंदिर और कब्रिस्तान बनवा रही है। शिकायत में जांच कर रेलवे की जमीन सुरक्षित रखने की मांग की गई थी। शिकायत के बाद साहेबगंज से आईओडब्ल्यू सुधीर कुमार और राजीव लोचन पीरपैंती पहुंचे। अदाणी पावर के कर्मचारी अभिमन्यु सिंह भी वहां मौजूद थे। रेलवे अधिकारियों ने नक्शे से जमीन की पहचान और सीमाओं का सत्यापन किया। काफी देर जांच के बाद भी जमीन की असल स्थिति साफ नहीं हुई।

अभिमन्यु सिंह ने बताया कि कंपनी ने रेलवे से करीब 81 एकड़ जमीन लीज पर ली है और उसी पर काम करा रही है। उन्होंने यह नहीं बताया कि जमीन कितने साल के लिए लीज पर ली गई है। उन्होंने यह नहीं बताया कि जमीन पर मंदिर और कब्रिस्तान बनाने की बात कही गई है, वह रेलवे की है या अदाणी पावर को लीज पर दी गई जमीन का हिस्सा, यह दस्तावेजों की जांच और सरकारी मापी के बाद साफ होगा। सुधीर कुमार और राजीव लोचन ने बताया कि नक्शे से फिलहाल जमीन की स्थिति साफ नहीं हो रही है। दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद सरकारी अमीन से जल्द जमीन की मापी कराई जाएगी। शिकायत में जिस जमीन पर मंदिर और कब्रिस्तान बनाने की बात कही गई है, वह रेलवे की है या अदाणी पावर को लीज पर दी गई जमीन का हिस्सा, यह दस्तावेजों की जांच और सरकारी मापी के बाद साफ होगा।

## साहेबगंज में लगा जन समस्या निवारण कैंप, बिजली की दर्जनों समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

लोकतन्त्र की आवाज़

साहेबगंज। झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल), विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, साहेबगंज (ग्रामीण) के तत्वावधान में बुधवार को जन समस्या निवारण कैंप का आयोजन बड़ी कोदर जन्ना पुस्तकालय परिसर में किया गया।



**आपकी समस्याओं का समाधान, हमारी प्राथमिकता:** कैंप में बिजली उपभोक्ताओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान नए विद्युत संबंध के लिए आवेदन बिजली बिल में सुधार जिन उपभोक्ताओं को बिल नहीं मिल रहा था, उन्हें बिल उपलब्ध कराया गया तथा बिल में मोबाइल नंबर अपडेट एवं पोल को हटाने के लिए बिजली उपक्ताओं ने आवेदन दिया गया। कैंप में बिजली विभाग के कर्मचारी संतोष कुमार, अविनाश, अमरदीप, हरिहर पंडित, मोहम्मद गुलाम उपस्थित रहे। सभी कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का प्रयास किया।

कैंप में मौजूद लाईन मेन संतोष ने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया गया। जिन मामलों का मौके पर निपटारा संभव नहीं हुआ, उन्हें सूचीबद्ध कर शीघ्र निपटाने का आश्वासन दिया गया। कैंप में बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। विभागीय अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि बिजली संबंधी किसी भी समस्या के लिए वे विभाग के इस प्रकार के कैंप का लाभ उठाएं।

## नवगछिया पुलिस की कार्रवाई में 62.25 लीटर शराब बरामद, 10 गिरफ्तार





लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर,नवगछिया। मद्यनिषेध के विरुद्ध नवगछिया पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कुल 62.25 लीटर विदेशी एवं देशी शराब बरामद की है। इस दौरान शराब तस्करी एवं शराब सेवन के मामले में कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक नवगछिया के निर्देशन में जिले में अवैध शराब की बिक्री, तस्करी एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 25 नवंबर को गुप्त सूचना के आधार पर इस्माईलपुर थाना पुलिस ने जहान्वी टीओपी के समीप कार्रवाई करते हुए 40.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की। मौके से शराब तस्करी के आरोप में गोनरचक निवासी विकास कुमार, गुलशन कुमार और वीरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। तीनों परबत्ता थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वहीं, 24 नवंबर को गोपालपुर थाना पुलिस ने बिंदटोली स्थित रिंग बांध के समीप से 11.75 लीटर देशी शराब बरामद कर पप्पू पासवान को गिरफ्तार किया। इस मामले में गोपालपुर थाना कांड संख्या 415/26 दर्ज किया गया है। इसी दिन भवानीपुर थाना पुलिस ने कुसाहा गांव में कार्रवाई कर 10 लीटर देशी शराब बरामद की तथा एतबारी कुमार को गिरफ्तार किया। इस मामले में भवानीपुर थाना कांड संख्या 279/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार बरामद शराब में 40.5 लीटर विदेशी तथा 21.75 लीटर देशी शराब शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य सम्मेलन युवा संघ के तत्वावधान में 11 जनवरी दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन




**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**कल्याणपुर।** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य सम्मेलन कि युवा संघ के तत्वावधान में 11 जनवरी को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा के पूर्वी चंपारण के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता कमलापुरी व युवा संघ के महामंत्री उदय गुप्ता ने कल्याणपुर प्रखंड का दौरा कर सभी कमलापुरी समाज के लोगो से मिलकर इस सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों के कमलापुरी वैश्य समाज के लोग शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कमलापुरी समाज आज भी उपेक्षित हैं। राष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सम्मेलन में शामिल होकर अपने हक की लंबाई के लिए आवाज बुलंद करें। सम्मेलन को लेकर जिला अध्यक्ष व युवा संघ के महामंत्री ने सिसवा खरार, भोपतपुर,सिसवा पटना, गरीबा,लोहरगावा आदि गांवों के कमलापुरी समाज के लोगो से सम्पर्क किया।

### केसरिया: नयागांव पानशाला चौक स्थित बाबा चौक पर खुला दित्या खाद बीज भंडार



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले के केसरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नयागांव पानशाला चौक स्थित खाद बीज भंडार का शुभारंभ हुआ। वहीं इसके प्रोपराइटर अवनी किशोर ने बताया कि हमारे यहा उचित मूल्य पर उन्नत किस्म के हाईब्रिड बीज,खाद एवं यूरिया खाद बीज के के सेवा करनें का मौका दें। इस अवसर पर सुरेश प्रसाद,सुभाष प्रसाद, जदयू नेता बसंत कुशवाहा, भाजपा नेता चंदन कुशवाहा, राजेश कुमार कुशवाहा, राकेश कुमार कुशवाहा गगनदेव राम,राजमोहन कुशवाहा,समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शराब मामले में एक गिरफ्तार, वाहन जांच में 44 हजार रुपये जुर्माना वसूला

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** बगहा पुलिस जिले में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पटखौली थाना पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पटखौली थाना की पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2022 की धारा 37 के तहत रामबाबू यादव, पिता शंभू यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं, पुलिस की ओर से चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 214 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 44 हजार रुपये शमन राशि के रूप में वसूले गए। पुलिस प्रशासन ने बताया कि शराबबंदी कानून के प्रभावी अनुपालन और सड़क सुरक्षा को लेकर इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। थाना स्तर पर नियमित वाहन जांच के साथ असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### कोटवा थाना पुलिस की कार्रवाई: ग्राम हेमंत छपरा में बोलेरो से 84.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद




**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चम्पारण।** जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने और अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए मोतिहारी पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में कोटवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के दौरान एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। कोटवा थाना अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में ग्राम-हेमंत छपरा से एक बोलेरो वाहन पर लदी कुल 84.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से शराब और संबंधित वाहन को कब्जे में लेकर मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले में अवैध शराब के परिवहन व कारोबार के विरुद्ध मोतिहारी पुलिस की सख्त निगरानी और छापेमारी आगे भी जारी है।

# सहरसा : तिलाबे नदी में डूबकर आठ वर्षीय मासूम लापता, घंटों तलाश के बाद भी नहीं मिला सुराग

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवाददाता**

चाची के साथ स्नान करने गया था अंकुश, मां और दादी का रो-रोकर बुरा हाल; एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई सोनवर्षाराज प्रखंड क्षेत्र के शाहमौरा गांव स्थित चबियारी टोला के पीछे बहने वाली तिलाबे नदी में मंगलवार की दोपहर स्नान करने के दौरान आठ वर्षीय बालक गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। बालक की तलाश में नदी किनारे ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। लापता बालक की पहचान शाहमौरा चबियारी टोला निवासी दिव्यांग मनीष मुखिया के पुत्र अंकुश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अंकुश अपनी चाची रूपा देवी के साथ घर के पीछे स्थित तिलाबे नदी में स्नान करने गया था। इस दौरान उसकी चाची नदी किनारे कपड़े धोने लगी, जबकि अंकुश पानी में स्नान कर रहा था। इसी बीच पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबकर लापता हो गया। बालक को पानी में नहीं देखकर चाची ने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नाव के सहारे उसकी तलाश शुरू की। हालांकि, घंटों प्रयास के बाद भी समाचार लिखे जाने तक बालक का कोई सुराग नहीं मिल सका था। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व पदाधिकारी सैयद बादशाह एवं अपर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेते हुए एसडीआरएफ की टीम को सूचना देकर बुलाया। मासूम के लापता होने से परिवार में मचा कोहराम: अंकुश के नदी में लापता होने की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां पूजा देवी और दादी का रो-रोकर बुरा हाल था। दोनों बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। उनकी चीख-पुकार से घटनास्थल पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। वहीं, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, बबलू मुखिया सहित अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इस संबंध में सोनवर्षाराज थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि लापता बालक की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है।

## मोतिहारी: मोतीझील में जलकुंभी सफाई कार्य का हुआ शुभारंभ, सांसद राधामोहन सिंह ने किया निरीक्षण



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**मोतिहारी।** मोतीझील की सफाई एवं विकास के लिए केंद्र सरकार ने दिसंबर 2017 में महत्वपूर्ण पहल की थी। राज्य सरकार के अधिकारियों,भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा केंद्रीय पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच हुई बैठक के बाद मोतीझील के विकास के लिए 24.9 करोड़ रुपये की परियोजना को सैद्धांतिक सहमति मिली थी। इसके बाद 27 दिसंबर 2017 को परियोजना को आधिकारिक मंजूरी प्रदान करते हुए 21.99 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। इस परियोजना के तहत् मोतीझील की सफाई कराई गई थी। साथ ही दोनों छोर पर बैरिकेडिंग एवं जाली की व्यवस्था भी की गई थी। हालांकि,समय के साथ इन व्यवस्थाओं के प्रभावी नहीं रहने के कारण झील में पुनः जलकुंभी का विस्तार होने लगा और इसकी स्थिति खराब होती गई। मोतीझील के विकास के लिए सरकार द्वारा कई कार्य किए जा रहे हैं। आगामी दो महीने में लेजर शो भी शुरू होने की संभावना है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन विकास योजनाओं में झील की नियमित सफाई का समुचित प्रावधान नहीं है। मोतीझील की स्वच्छता और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। मोतीझील की सफाई के लिए सांसद निधि से 45 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। आवश्यकता पड़ने पर आगे भी इसके लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि मोतीझील को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके।

## राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे राजू बैठा

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**मोतिहारी।** बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा जारी कार्यालय आदेश के तहत पूर्वी चंपारण जिले के ग्राम पंचायत गोढ़वा के मुखिया राजू बैठा को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 26 एवं 27 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली टीबी मुक्त पंचायत पहल एवं टीबी मुक्त भारत अभियान की 5वीं संयुक्त क्षेत्रीय कार्यशाला में भाग लेने हेतु नामित किया गया है। इस कार्यशाला में बिहार सहित विभिन्न क्षेत्रों के चयनित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। राजू बैठा इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए पंचायत स्तर पर टीबी उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने, जनजागरूकता बढ़ाने तथा स्वस्थ एवं रोगमुक्त समाज के निर्माण से जुड़े अनुभवों और प्रयासों को साझा करेंगे।यह नामांकन न केवल ग्राम पंचायत गोढ़वा, बल्कि पूरे पूर्वी चंपारण जिले के लिए गौरव एवं सम्मान का विषय है। श्री बैठा ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब पंचायत स्तर पर जनभागीदारी और जागरूकता को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पंचायत, सशक्त पंचायत और टीबी मुक्त भारत के निर्माण के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपना योगदान देते रहेंगे। भवदीय राजू बैठा मुखिया गोढ़वा सह,प्रदेश सचिव मुखिया महासंघ बिहार।

## सहरसा : विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासित ढंग से पढ़ाई करने की जरूरत : डीएम

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवाददाता**

जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने मंगलवार को गांधी पथ स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर छात्रावास में आयोजित विद्यार्थी सहयोग शिविर में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास के विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विद्यार्थी सहयोग पोर्टल की जानकारी दी। डीएम ने कहा कि विद्यार्थी इस पोर्टल के माध्यम से अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, जिनका समयबद्ध और प्रभावी निराकरण किया जाएगा। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर नियमित और अनुशासित तरीके से पढ़ाई करना जरूरी है। लक्ष्य के बिना पढ़ाई करने से अपेक्षित सफलता प्राप्त करना कठिन होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं से भयभीत नहीं होने अंबेडकर छात्रावास में विद्यार्थी सहयोग शिविर में डीएम ने छात्रों से किया संवाद, मेस, पुस्तकालय व निर्माणाधीन हॉस्टल का लिया जायजा तथा आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, सही दिशा और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि छात्रावास के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए गुणवत्तापूर्ण कोचिंग संस्थानों एवं ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। कार्यक्रम के बाद डीएम ने छात्रावास के मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। वहीं, पुस्तकालय का भ्रमण कर अध्ययन संबंधी सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रावास परिसर में निर्माणाधीन हॉस्टल का भी निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 13 साल पुराने मारपीट और आगजनी मामले में आठ आरोपितों को सजा, कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**लोकतंत्र की आवाज**




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

बगहा। पश्चिम चंपारण के बगहा पुलिस जिले में करीब 13 वर्ष पुराने मारपीट, लूटपाट और आगजनी से जुड़े मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ की अदालत ने आठ आरोपितों को दोषी करार देते हुए आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मंगलवार, 25 नवंबर 2026 को सभी आठ दोषियों को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में जुर्माना अदा करने का आदेश दिया। मामला रामनगर थाना कांड संख्या 158/13 से जुड़ा है।इस संबंध में 2 जुलाई 2013 को भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 341, 323, 324, 325, 307, 379, 435, 427 और 504 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में रामनगर थाना क्षेत्र के भुवनेश्वर चौक निवासी श्याम लाल साह, गोपी लाल, सुरेश पटेल, मुकेश पटेल, भूप पटेल, विकास पटेल, रवि पंडित और संतोष साह को नामजद आरोपित बनाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गहन अनुसंधान किया। इस दौरान वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित कर न्यायालय में अंतिम आरोप पत्र समर्पित किया गया।इसके बाद न्यायालय में आरोप गठन और सुनवाई की प्रक्रिया पूरी हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने सभी आठ आरोपितों को आईपीसी की धारा 323 के तहत एक हजार रुपये, धारा 341 के तहत 500 रुपये तथा धारा 427 के तहत 500 रुपये का अर्थदंड लगाया। प्रत्येक दोषी को कुल दो हजार रुपये जुर्माना देना होगा। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर प्रत्येक को तीन-तीन माह की कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मनु राव ने प्रभावी भूमिका निभाई।

## लोरिक महोत्सव में कलाकारों के चयन को लेकर बैठक आयोजित- महोत्सव में राष्ट्रीय कलाकारों के अलावे स्थानीय कलाकार को भी किया जाएगा आमंत्रित

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवाददाता**

उप विकास आयुक्त इंद्रवीर - कुमार के द्वारा लोरिक महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित - की गई। बैठक में महोत्सव में प्रस्तुति - के लिए कलाकारों के चयन के - संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं - कलाकार चयन समिति के सदस्यों का भी मंतव्य व सुझाव प्राप्त किया - गया। लोरिक महोत्सव में मुख्य - रूप से स्थानीय कलाकारों को भी - प्राथमिकता दिए जाने की बात कही - गई, साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की भी प्रस्तुति - सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा - की गई। स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के बेहतर सामंजस्य - से महोत्सव को सफल बनाने पर बल दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी के द्वारा महोत्सव में लगाए जाने वाले स्टॉल के संबंध में भी चर्चा की गई एवं सभी विभागों को अपने-अपने स्टॉल में अपने विभाग से संबंधित उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में प्रस्तुति एवं प्रदर्शन की जिम्मेवारी दी गई। स्टालों में विकासात्मक कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मनोहर कुमार, वरीय उपसमाहर्ता संजीत कुमार, सामान्य शाखा प्रभारी मुकेश कुमार, समिति के सदस्य दयानन्द भारती, मुन्ना चमन, देवेन्द्र प्रसाद यादव, जितेन्द्र कुमार यादव, अरुण कुमार एवं चयन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के सेमुआपुर गांव में हुए दोहरे हत्याकांड का हुआ सनसनीखेज खुलासा

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

मोतिहारी। डुमरिया घाट थाना क्षेत्र के सेमुआपुर गांव में हुए दोहरे हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, एक महिला ने पति के रात में घर नहीं आने के कारण गुस्से में अपनी दो मासूम बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि उसने तीसरी बेटी को भी मारने का प्रयास किया,लेकिन वह भाग निकली और उसकी जान बच गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।डुमरियाघाट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले पिता को हिरासत में लिया। जब मामले की गहन जांच की गई, तो खुलासा हुआ कि मां ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है,जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के संबंध में मोतिहारी के प्रभारी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने जानकारी दी है। डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के सेमुआपुर गांव में एक ही घर से दो सगी बहनों (उम्र करीब 13 और 11 वर्ष) के शव मिलने से हड़कंप मच गया।घटना के समय दोनों बच्चियों की मां घर से लापता थी, जिसके बाद पुलिस ने पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। सूचना मिलते ही डुमरियाघाट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (FSL) की टीम को बुलाया गया। शुरुआती तौर पर दोनों बच्चियों के मुंह से झाग निकलने जैसी स्थिति दिखने पर पुलिस जहर देने या खाने के पहलू पर भी जांच कर रही थी। हालांकि,पुलिस की तफ्तीश में यह बात सामने आई कि मां ने ही दोनों बच्चियों की गला दबाकर हत्या की है। इसके बाद डुमरियाघाट थाना पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## लौरिया और रामनगर में लगेगा जॉब कैंप, 60 पदों पर होगी सीधी भर्ती

### 10वीं और 12वीं पास युवाओं को मिलेगा रोजगार का मौका, 22 से 32 हजार रुपये तक मिलेगा मासिक वेतन

**लोकतंत्र की आवाज**




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** पश्चिम चंपारण जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर है। जिला नियोजनालय, पश्चिम चंपारण (बेतिया) की ओर से लौरिया और रामनगर प्रखंड में दो दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा।इसके माध्यम से सुरक्षा गार्ड के 60 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी।जिला नियोजनालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, पहला जॉब कैंप 27 नवंबर 2026 को लौरिया प्रखंड परिसर में आयोजित होगा। वहीं, दूसरा कैंप 30 नवंबर 2026 को रामनगर प्रखंड परिसर में लगेगा।दोनों स्थानों पर कैंप का समय सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित किया गया है। इस भर्ती अभियान में निजी क्षेत्र की कंपनी की ओर से सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी गार्ड एक्स-मैन के पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 20 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित युवाओं को प्रतिमाह 22 हजार से 32 हजार रुपये तक वेतन दिया जाएगा। नौकरी का कार्यस्थल संपूर्ण बिहार निर्धारित किया गया है। जिला नियोजनालय पदाधिकारी के अनुसार, जॉब कैंप में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का बिहार सरकार के रोजगार पोर्टल [https://detjob.bihar.gov.in](https://detjob.bihar.gov.in?utm_source=chatgpt.com) पर निबंधन कराना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर अपना बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज लेकर संबंधित प्रखंड परिसर में पहुंच सकते हैं। जॉब कैंप में अभ्यर्थियों को नियोजक से सीधे बातचीत कर नौकरी से संबंधित जानकारी प्राप्त करने और आवेदन जमा करने का अवसर मिलेगा। नियोजनालय ने योग्य युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### समाजसेवी सह सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी के निधन पर शोक

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय दुधैला के प्रभारी प्रधान शिक्षक राजेश पासवान के पिता समाजसेवी सह सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी राम रक्षा पासवान के निधन पर लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उनके निधन पर प्रधान शिक्षक मिलन कुमार, अशोक पासवान, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शंभु कुमार, उमेश प्रसाद यादव, सूर्यदेव यादव, पासवान एकता मंच के अध्यक्ष अवधेश पासवान, उत्तम पासवान, अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### ग्रामिण विकास मंत्री श्रवण कुमार का जदयू युवा जिलाध्यक्ष ने किया भव्य स्वागत





लोकतंत्र की आवाज

**गया जी।** बिहार सरकार के सुचना जनसंपर्क एवं ग्रामिक विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार का अभिनंदन जदयू जिलाध्यक्ष सह उप प्रमुख नगर प्रखंड सतिश पटेल ने गया जी रेलवे स्टेशन पर रांची से गया जी आगमन पर युवा जेडीयू परिवार के साथियों के साथ अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया है। इस मौके पर मंत्री के स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद हम सभी युवा साथियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत है।

### ग्रामीणों ने की नाला निर्माण की मांग

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के दत्तरौल गांव के लोगों ने नाला निर्माण की मांग की है। ग्रामीण मो. अबुतलहा सहित अन्य ने बताया कि वर्षों से नाला का निर्माण नहीं किया गया है। बताया कि नाला का निर्माण नहीं होने से पानी का जमाव रहता है, जिसमें आए दिन लोग गिर जाते हैं। लोगों ने नाला निर्माण एवं नाले पर दक्कन लगाने की मांग की है।

### दरभंगा में पीएम कैशलेस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे घायल, 62 अस्पतालों में पहुंचे सिर्फ आठ मरीज

**दरभंगा।** सड़क दुर्घटना के बाद का पहला घंटा यानी गोल्डन ऑवर किसी गंभीर रूप से घायल व्यक्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान समय पर चिकित्सा सहायता मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है. इसी उद्देश्य से परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा समिति की ओर से पीएम कैशलेस ट्रीटमेंट योजना संचालित की जा रही है. इसके तहत जिले के 62 नर्सिंग होम को निबंधित किया गया है, ताकि सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल लोगों को समय पर इलाज मिल सके. हालांकि, विभागीय आंकड़े योजना के सीमित उपयोग की तस्वीर पेश कर रहे हैं। अब तक केवल आठ गंभीर घायलों को ही निबंधित अस्पतालों तक पहुंचाया गया है। विभाग के अनुसार, जानकारी के अभाव और संबंधित थानों की लापरवाही के कारण योजना का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, योजना के तहत अस्पताल पहुंचाए गए गंभीर घायलों में आशुतोष शर्मा और अजय ठाकुर की इलाज के दौरान मौत हो गयी. वहीं, आयुष कुमार, विक्रम कुमार सहनी, दुर्गानंद पंडित, मनीष कुमार और संजय कुमार सहनी स्वस्थ होकर घर लौट गये. इस तरह निबंधित अस्पतालों की संख्या 62 होने के बावजूद अब तक केवल आठ गंभीर दुर्घटना पीड़ितों को ही इस व्यवस्था के तहत अस्पताल पहुंचाया गया है। जिले में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा भी चिंताजनक है. इस वर्ष जनवरी से अब तक कुल 355 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गयी हैं. इनमें 267 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि विभागीय आंकड़ों के अनुसार 871 लोगों की ऑन द स्पॉट मौत हुई है. हादसों में दर्जनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। महीनेवार आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक 45 सड़क दुर्घटनाएं अप्रैल में हुईं. वहीं, वाहन दुर्घटनाओं में ऑन द स्पॉट मौत के सबसे अधिक 109 मामले मई महीने में दर्ज किये गये। जिले में सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन और लापरवाही से वाहन चलाना दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शामिल है. हादसों पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग समय-समय पर अभियान चलाता है और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूलता है. इसके बावजूद विभागीय आंकड़ों में दुर्घटनाओं में कमी के बजाय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

# दरभंगा में विकास योजनाओं पर सांसद का बड़ा एक्शन, 19 केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा

## अधिकारियों को सख्त निर्देश; मार्च तक पूरा होगा दिल्ली मोड़ आरओबी

लोक तंत्र की आवाज

**दरभंगा:** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में बुधवार को सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। बैठक के पहले दिन भारत सरकार की 19 महत्वपूर्ण योजनाओं एवं विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान सांसद ने अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने, जनहित से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया।

**दिल्ली मोड़ आरओबी मार्च तक पूरा करने का निर्देश:** बैठक में जिले के विभिन्न रेल ओवरब्रिज निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद ने दिल्ली मोड़ आरओबी का निर्माण मार्च तक पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं, दोनार आरओबी के निर्माण स्थल पर सड़क को मोटरेबल बनाने को कहा, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं हो। धीमी गति से काम करने वाले संवेदकों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

**एयरपोर्ट और दरभंगा एम्स पर विशेष जोर:** दरभंगा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का निर्माण तेजी से पूरा करने के लिए कार्यबल बढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही नाइट लैंडिंग, कार्गो सुविधा और लॉजिस्टिक पार्क की प्रगति की समीक्षा हुई। दरभंगा एम्स में मिट्टी भराई का काम दिन-रात कराने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण कार्य में तेजी आए।



**एक सप्ताह में चालू हों सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सभी विभाग:** स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान सांसद ने डीएमसीएच अधीक्षक को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सभी विभाग एक सप्ताह के भीतर चालू कराने का निर्देश दिया। अस्पताल में जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा 1700 बेड के निर्माणाधीन अस्पताल का काम तेज करने को कहा। जिले में अब तक करीब 19 लाख 80 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शेष पात्र लाभार्थियों का कार्ड अभियान चलाकर बनाने का निर्देश दिया गया।

**डाकघरों में मिलेंगे रेल टिकट, मोहल्लों में लगेंगे लेटर बॉक्स:** डाक विभाग को आमलोगों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए प्रत्येक मोहल्ले में लेटर बॉक्स लगाने और डाकघरों में रेल टिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था शुरू करने की पहल करने को कहा गया। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों पर शौचालय निर्माण और सभी स्टेशनों पर मैथिली भाषा में उद्घोषणा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में किसानों को समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने, रसियारी अस्पताल चालू कराने, डीएमसीएच में जलजमाव एवं साफ-सफाई की समस्या दूर करने, मिथिला शोध संस्थान के निर्माण कार्य तथा आकाशवाणी दरभंगा में डीडी मैथिली चैनल शुरू करने से जुड़े प्रस्तावों की भी समीक्षा हुई। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को अधिकारी गंभीरता से लें। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को लिखा जाएगा। बैठक में राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, विधायक राजेश कुमार मंडल, जिला परिषद अध्यक्ष रेणु देवी, जिलाधिकारी कौशल कुमार, नगर आयुक्त गरिमा लोहिया, उप विकास आयुक्त स्वप्निल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं दिशा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### हर गांव और टोले तक पहुंचेगा मोबाइल नेटवर्क

दूरसंचार विभाग को जिले के प्रत्येक गांव, टोला और मोहल्ले तक मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं, बीपीसीएल के अधिकारियों को हर घर तक पाइपलाइन के माध्यम से गैस पहुंचाने के लिए मिशन मोड में काम करने का निर्देश दिया गया।

## जन आरोग्य समिति के सदस्यों का द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण संपन्न



लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य समिति के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें प्रखंड के पांच हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) की जन आरोग्य समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार महिलाओं एवं किशोरियों को प्रभावित करने वाले प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों, उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान तथा उपलब्ध उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ ही जन आरोग्य समिति की भूमिका एवं जिम्मेदारियों, स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी, कार्ययोजना निर्माण तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। समापन सत्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में सीखी गईजानकारियों, कार्ययोजनाओं एवं सामुदायिक सहभागिता के तरीकों को अपने-अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एमएच रहमान रहमान ने स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने टीकाकरण, परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की योजना, क्रियान्वयन एवं निगरानी में जन आरोग्य समिति की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने सभी सदस्यों से अपनी निर्धारित जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला कार्यक्रम विश्लेषक नवीन कुमार पांडेय एवं टीम सदस्य शीला कुमारी द्वारा प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में यूथ चैंपियंस की भी सक्रिय सहभागिता रही इस पहल का उद्देश्य जन आरोग्य समितियों को सशक्त बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, जवाबदेही एवं सामुदायिक स्वामित्व को बढ़ावा देना तथा स्वास्थ्य विभाग और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

## गया से अपहृत 16 वर्षीय किशोरी बरामद, गांव का युवक गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



लोकतंत्र की आवाज

महताब अंसारी

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कोराप पंचायत अंतर्गत एक गांव से अपहृत 16 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने गया से सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में पुलिस ने गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार किया है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि पुलिस ने किशोरी को बरामद करने के साथ आरोपी युवक को भी गया से गिरफ्तार किया है। किशोरी को बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेजा गया है, जबकि गिरफ्तार युवक को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## टिकारी: खनेटू में अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों का अल्टीमेटम, मांग पूरी नहीं हुई तो शुरू होगा आमरण अनशन

लोकतंत्र की आवाज

महताब अंसारी

**टिकारी।** आमस-दरभंगा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के बीच खनेटू गांव के ग्रामीणों ने अंडरपास या पुल बनाने की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय जरूरतों को नजरअंदाज कर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जा रहा है, जिससे सैकड़ों किसानों, मजदूरों और आम लोगों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। भगवान सूर्य की अद्भुत प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध खनेटू गांव की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि और श्मशान घाट राष्ट्रीय राजमार्ग के दूसरी ओर स्थित हैं। ऐसे में अंडरपास अथवा लिंक रोड की व्यवस्था नहीं होने से किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। वहीं, बरसात के दिनों में नदी में पानी भर जाने से रास्ता और भी कठिन हो जाता है। सबसे गंभीर समस्या अंतिम संस्कार के दौरान श्मशान घाट तक पहुंचने को लेकर होगी। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एनएचएआई के परियोजना पदाधिकारी, औरंगाबाद को लिखित आवेदन सौंपकर पुल या अंडरपास निर्माण की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन विकास के नाम पर ग्रामीणों की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जनहित में अविलंब अंडरपास अथवा पुल निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीण रामानुज कुमार, रमेश शर्मा, उमेश कुमार और विजय कुमार सहित कई लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांग पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे और जरूरत पड़ने पर आमरण अनशन शुरू करेंगे। अब देखना होगा कि एनएचएआई के अधिकारी ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेते हैं।



## मरीन ड्राइव पर नालंदा के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, एक गोल्ड सहित तीन पदक जीते

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** पटना के मरीन ड्राइव में बिहार राज्य खेल विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय खेल प्रतियोगिता में नालंदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। पटना प्रमंडल की ओर से प्रतियोगिता में शामिल हुए जिले के तीन खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण और दो कांस्य सहित कुल तीन पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।प्रतियोगिता में सरमेरा की रागिनी कुमारी ने अंडर-14 बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं, चंडी की सुरुचि कुमारी ने अंडर-17 बालिका वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। इसके अलावा परबलपुर के सोनू कुमार ने अंडर-14 बालक वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतना अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है। खिलाड़ियों की सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास का परिणाम बताया जा रहा है।



इस उपलब्धि पर नालंदा जिला साइक्लिंग एसोसिएशन की संयुक्त सचिव रिंकू कुमारी, कोच कुंदन कुमार पांडेय और अभिषेक कुमार ने पदक विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नालंदा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और उचित अवसर मिले तो वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।

## पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव के बंद घर में भीषण चोरी, डेढ़ लाख नकद व 10 कारतूस ले उड़े चोर

लोक तंत्र की आवाज

**हिलसा।** राजद के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव के बंद आवास को चोरों ने निशाना बनाते हुए भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाश घर से करीब डेढ़ लाख रुपये नकद, पिस्टल के 10 कारतूस और महत्वपूर्ण कागजात लेकर फरार हो गए। घटना मंगलवार की रात बताई जा रही है। वारदात के समय शक्ति सिंह यादव पटना में थे।चोरों ने शहर के वीआईपी इलाके स्थित आवास के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। इसके बाद पीछे के दरवाजे का ताला भी तोड़ दिया। बदमाशों ने सभी कमरों की तलाशी ली और दीवान व पलंग को खंगाल डाला। घर का सामान बिखरा पड़ा था।राजद प्रखंड अध्यक्ष नवल यादव ने बताया कि छठ के बाद शक्ति सिंह यादव हिलसा आए थे। पार्टी कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण वे बाहर चले गए थे। पिछले दो दिनों से मकान बंद था। इसी का फायदा चोरों ने उठाया। गौरतलब है कि आवास के आसपास एसडीपीओ, न्यायिक पदाधिकारियों और कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के सरकारी आवास हैं। ऐसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में चोरी से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।थानाध्यक्ष चन्द्रभानु ने बताया कि एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया जा रहा है। पुलिस जांच में जुटी है। गृहस्वामी के लौटने के बाद चोरी गए सामान का विस्तृत आकलन हो सकेगा।



## पीरपैंती : पुलिस अधीक्षक ने किया बुद्धूचक थाने का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय।

**पीरपैंती।** पीरपैंती,वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर द्वारा बुद्धूचक थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित कांडों की स्थिति एवं अनुसंधान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित कांडों के अनुसंधान एवं निष्पादन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं अनुसंधानकर्ताओं को कांडों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध अनुसंधान सुनिश्चित करते हुए शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।साथ ही, क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने तथा नियमित गश्ती, वाहन जांच एवं संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को आमजन की शिकायतों के प्रति संवेदनशील एवं तत्पर रहने तथा क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए प्रभावी पुलिसिंग को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया।



## गौनाहा उत्क्रमित मध्यविद्यालय मंगुराहा की शिक्षिका संगीता की की हुई बिदाई, मुख्य अतिथि रहे उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधान शिक्षक फेकू राम

लोक तंत्र की आवाज

**गौनाहा आशिक हुसैन।** गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त दिनांक 23 नवम्बर 2026 सोमवार ग्राम पंचायत राज गौनाहा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विशिष्ट शिक्षिका श्रीमती संगीता कुमारी का समारोह पूर्वक हुई बिदाई । ज्ञात हो कि 12 मार्च 2007 को पंचायत शिक्षक पद पर नियोजित शिक्षिका संगीता कुमारी लगभग 19 वर्षों तक उक्त विद्यालय में अपना कुशल सेवा प्रदान करते रहीं हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने बताया कि उक्त शिक्षिका अपने दायित्यों के प्रति इतना सजग रहीं हैं कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में , टूटे फूटे सड़कों से नरकटियागंज से मंगुराहा गौनाहा अपने विधालय में प्रतेक कार्य दिवस को ससमय उपस्थित होकर विद्यालय के बच्चों को उत्साह पूर्वक पढ़ाने का काम करतें आ रहीं थीं। उन्होंने यह भी बताया की उक्त शिक्षिका बच्चों को पढ़ाने के साथ साथ खेल और संगीत आदि का भी शिक्षा कुशलता पूर्वक प्रदान करते रहीं हैं। और सोमवार को उक्त शिक्षिका का स्थान्तरण नरकटियागंज के राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोमहा टोला में हुआ है। और उसी विद्यालय से विशिष्ट शिक्षिका नीतू कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगुराहा गौनाहा में योगदान की हैं। और सबिता कुमारी का योगदान भी उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगुराहा गौनाहा में हुआ है, जो कि पूर्व में राजकीय प्राथमिक विद्यालय भवानी पुर गौनाहा में थीं।वही विदाई समारोह में वरीय शिक्षक सह गौनाहा मुखिया प्रतिनिधि बृजेश कुमार यादव , बीरेंद्र कुमार राम , नागेंद्र कुमार राम, राम प्रमोद महतो, माया शंकर यादव उर्फ सोनू बाबू , ददन पासवान , सुषमा चौधरी , सबना प्रवीन , प्रेम लता श्रीवास्तव , डेजी कुमारी , मोहमद सैफुल्लाह , सुबोध कुमार , भूतपूर्व सचिव सूचित देवी , रोहिया देवी , सचिव सुनैना देवी , समाज सेवी, मनोज कुमार जॉन, वाशुदेव महतो , रहीम मियां, सीता देवी , रसोइया गीता देवी , रेखा देवी , शोभा देवी , सोमारी देवी चंदा देवी , सुगंधि देवी , पूर्व वार्ड सदस्या रूपनी देवी , वार्ड सदस्य नागेंद्र मौर्या, वार्ड सदस्या मीरा देवी और वनरक्षी श्रीमती ऋतु कुमारी, आनंद बाड़ी सेविका सरिता केरकेटा आदि गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## संक्षिप्त खबरें

### बिक्रमगंज अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए नियमित छापेमारी का निर्देश



लोकतंत्र की आवाज
बिक्रमगंज। अनुमंडल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विधि-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए एसडीएम ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय और पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील मामलों पर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। अवैध खनन के मुद्दे पर विशेष जोर देते हुए एसडीएम ने संबंधित खनन निरीक्षक को अवैध खनन, बालू के अवैध परिवहन और भंडारण के खिलाफ नियमित छापेमारी एवं सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। बैठक में अन्य प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा की गई। एसडीएम ने लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने और सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा अनुमंडल क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### चेनारी में कमजोर बच्चों के बुनियादी कौशल विकास को लेकर 100 शिक्षक हो रहे प्रशिक्षित

लोकतंत्र की आवाज
चेनारी। रामदुलारी भंगा प्लस-टू विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण दो बैचों में संचालित हो रहा है। प्रत्येक बैच में 50 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रकार कुल 100 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षक अशोक ने बताया कि विद्यालयों में कक्षा पांच से आठ तक के कमजोर बच्चों को चिह्नित कर उनके बुनियादी कौशल का विकास करना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए गतिविधि एवं खेल आधारित शिक्षण पद्धति अपनाने के तौर-तरीके बताए जा रहे हैं। प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, अक्षय पाठक एवं सुनील कुमार गुप्ता रोचक एवं व्यवहारिक तरीके से प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में कमजोर बच्चों को विशेष रूप से पढ़ाकर उनकी शैक्षणिक दक्षता और बुनियादी कौशल को मजबूत करेंगे।

### सोन नदी में बालू के अच्छे निक्षेप वाले 35 स्थल चिह्नित, 500 करोड़ राजस्व का अनुमान

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। सोन नदी के बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया को गति देने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। जिले में सोन नदी के सभी बालू घाटों का गठित समिति ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बालू के अच्छे निक्षेप वाले लगभग 35 स्थलों को चिह्नित किया गया है। इन स्थलों पर 10 से 15 हेक्टेयर क्षेत्रफल के छोटे-छोटे बालू घाट विकसित किए जाएंगे। इन घाटों की नीलामी से सरकार को करीब 500 करोड़ रुपये राजस्व मिलने का अनुमान है। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य बालू कारोबार में छोटे व्यवसायियों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। छोटे-छोटे घाट बनाए जाने से स्थानीय व्यवसायियों को नीलामी और संचालन की प्रक्रिया में शामिल होने का बेहतर अवसर मिलेगा। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा तथा अवैध बालू खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। सोन नदी के बालू घाटों के निरीक्षण के लिए पुनर्गठित समिति में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, बिक्रमगंज एवं डेहरी सहित जिला खनन कार्यालय, वन विभाग, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, लघु सिंचाई, सोन नहर एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया था। इसके अलावा ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, खान निरीक्षक तथा संबंधित अंचलों के अंचलाधिकारी भी निरीक्षण में शामिल रहे। जिला समाहर्ता ने जिला खनन कार्यालय को 15 दिसंबर से पहले जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (ड्राफ्ट) तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया है। प्रशासन का मानना है कि निर्धारित समय-सीमा में सर्वेक्षण प्रतिवेदन तैयार होने से बालू घाटों की नीलामी की अगली प्रक्रिया समय पर शुरू की जा सकेगी और सरकार को राजस्व की प्राप्ति का रास्ता साफ होगा। यह पूरी कार्रवाई समाहरणालय, रोहतास के आदेश ज्ञापांक 2163, दिनांक 12 नवंबर 2026 के आलोक में की गई है।

### खाली छतों पर लहलहाएंगी सब्जियां, हरित छत से स्वस्थ जीवन का संदेश



लोकतंत्र की आवाज
बिक्रमगंज। अब घरों की खाली छतें भी हरियाली से गुलजार होंगी। छतों पर गमलों में सब्जियां उगेंगी और रसोई तक ताजी एवं पौष्टिक उपज पहुंचेगी। पर्यावरण संरक्षण, घरेलू जरूरतों के लिए सब्जी उत्पादन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र (केविके), बिक्रमगंज की ओर से पांच दिवसीय 'छत पर बागवानी' जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत केविके के वैज्ञानिक डॉ. रतन कुमार ने प्रतिभागियों को छत पर बागवानी की उपयोगिता, इसके लाभ और विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर में ताजी सब्जियां उगाने के लिए बड़े खेत या पर्याप्त जमीन होना जरूरी नहीं है। घर की छत पर उपलब्ध थोड़ी-सी खाली जगह में गमलों और अन्य उपयुक्त पात्रों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की सब्जियां एवं पौधे उगाए जा सकते हैं। इससे परिवार को घर पर ही ताजी सब्जियां मिलेंगी और बाजार पर निर्भरता भी कम होगी। डॉ. रतन कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन और जलवायु परिवर्तन गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। ऐसे में घरों की छतों पर हरियाली विकसित करना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। छत पर बागवानी से हरित क्षेत्र बढ़ाने के साथ लोगों को प्रकृति से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। यदि प्रत्येक परिवार अपनी छत पर थोड़ी-सी जगह में भी पौधे लगाए तो सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने अभियान का संदेश 'हरित छत, स्वस्थ जीवन' बताते हुए आम नागरिकों से भी अपनी छतों को हरी-भरी बगिया में बदलने की अपील की। केविके बिक्रमगंज के प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ. रविंद्र कुमार जलज के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में विजय कुमार सिंह, जनेश्वर सिंह, रुकसाना खातून, सब्बू खातून, पुष्पा देवी सहित अन्य प्रतिभागी शामिल हुए।

### बिजली चोरी में आठ लोगों पर प्राथमिकी, विभाग ने लगाया 2.27 लाख रुपये से अधिक जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज
बिक्रमगंज/दावथ/सूर्यपुरा। बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए बिक्रमगंज, दावथ और सूर्यपुरा प्रखंडों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते आठ लोगों को पकड़ा गया। सभी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विभाग ने आरोपितों पर कुल 2 लाख 27 हजार 367 रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। विभागीय टीम की जांच में कई जगह एलटी लाइन से मीटर तक आने वाले इनकमिंग तार में अतिरिक्त तार जोड़कर मीटर को बाईपास करने का मामला सामने आया। बिक्रमगंज प्रखंड के लड्डूई निवासी गुलाबों देवी पर 11,027 रुपये और अमरेंद्र कुमार पर 12,128 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, बकाया राशि के कारण पूर्व में बिजली कनेक्शन काटे जाने के बावजूद बिना बकाया भुगतान और पुनः संयोजन शुल्क जमा किए बिजली का उपयोग करने के मामले भी पकड़े गए। सूर्यपुरा प्रखंड के शिओबाहर निवासी रविंद्र सिंह पर 24,570 रुपये, योगेंद्र सिंह पर 17,581 रुपये और संजय कुमार सिंह पर 17,400 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार दावथ प्रखंड के अवाढ़ी निवासी नरेंद्र पासवान पर 27,350 रुपये, कन्हैया राम पर 67,119 रुपये तथा मनु कुमार कानू पर 52,192 रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। कनीय विद्युत अभियंता, दावथ अर्जुन कुमार ने बताया कि बिजली चोरी से विभाग को राजस्व का नुकसान होता है और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित होती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली उपयोग करने और समय पर बिल जमा करने की अपील की। वहीं, कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा आनंद कुमार ने कहा कि मीटर से छेड़छाड़ और बाईपास कर बिजली जलाना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में विभाग आगे भी सख्त कार्रवाई करेगा।

# देश खतरे में है या सत्ता? जाति, धर्म और आरक्षण के बीच उलझता भारत

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी**

**सासाराम (रोहतास)।** भारत की वर्तमान राजनीति को समझना है तो हमें नेताओं के भाषणों से आगे निकलकर उनके राजनीतिक तौर-तरीकों को समझना होगा। आज देश में जाति, धर्म, हिंदुत्व और आरक्षण के नाम पर जिस तरह की बहस खड़ी की जा रही है, उससे एक बड़ा सवाल पैदा होता है—क्या राजनीति का उद्देश्य देश को मजबूत करना है या समाज को अलग-अलग खांचों में बांटकर सत्ता को मजबूत बनाए रखना?

राजनीति के इस खेल में हर समाज की भावनाओं को समझकर उन्हें संबोधित किया जाता है। कहीं धर्म और सनातन की बात होती है, कहीं आरक्षण और सामाजिक अधिकारों की। कहीं हिंदुत्व को पहचान का प्रश्न बनाया जाता है तो कहीं आरक्षण को अस्तित्व का सवाल। इन मुद्दों पर बहस होना गलत नहीं है, लेकिन जब इन्हीं मुद्दों के सहारे एक समाज को दूसरे समाज के सामने खड़ा किया जाने लगे, तब देश को रुककर सोचना चाहिए।

**धर्म आस्था है, किसी राजनीतिक दल की जागीर नहीं!:** भारत का सनातन समाज धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था रखता है। देश के इतिहास में ऐसे असंख्य उदाहरण हैं, जब लोगों ने अपने धर्म, सम्मान और मातृभूमि की रक्षा के लिए त्याग और बलिदान दिया। लेकिन क्या किसी की देशभक्ति को केवल धार्मिक पहचान से मापा जा सकता है? क्या सनातन की रक्षा का अर्थ किसी दूसरे समाज के प्रति नफरत होना है? हिंदुत्व की बात करने वाले नेताओं से भी यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या सनातन केवल चुनावी भाषणों का विषय है या उसके मूल में समरसता, सेवा, सद्भाव और मानवता भी है?

**मोदी के अलावा विकल्प कौन? आखिर यह सवाल क्यों?:** भारत में विकल्प जनता तय करती है। किसी भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या राजनीतिक दल से सवाल पूछना लोकतंत्र के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने का तरीका है। यदि किसी सरकार ने अच्छा काम किया है तो उसका समर्थन होना चाहिए और यदि उससे गलती हुई है तो सवाल भी पूछे जाने चाहिए। यही कसौटी कांग्रेस पर भी लागू होती है और बीजेपी पर भी। कांग्रेस के शासनकाल में भी देश के लिए काम हुए और बीजेपी के शासनकाल में भी कई क्षेत्रों में काम हुए हैं। लेकिन किसी एक दल की उपलब्धियों को दूसरे दल की कमियों से छिपाना या अपनी सरकार की गलतियों का ठीकरा हमेशा पिछली सरकार पर फोड़ना जनता के साथ न्याय नहीं है।

**देश को धर्म नहीं, नफरत बांटती है!:** दुनिया में विकसित राष्ट्रों की पहचान उनके नागरिकों की शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, आर्थिक क्षमता, तकनीकी प्रगति, स्वास्थ्य व्यवस्था और मजबूत संस्थाओं से होती है। केवल धार्मिक पहचान किसी देश को विकसित नहीं बनाती। भारत की ताकत उसकी विविधता है। यहां मंदिर भी हैं, मस्जिद भी हैं, गुरुद्वारे भी हैं, चर्च भी हैं। अलग-अलग जातियां, भाषाएं और संस्कृतियां हैं। यही विविधता हमारी पहचान है। हमारे सैनिक जब सीमा पर खड़े होते हैं तो उनसे कोई यह नहीं पूछता कि उनकी जाति क्या है, उनका धर्म क्या है या उनका राजनीतिक झुकाव किस तरफ है। उनके सामने केवल तिरंगा होता है और देश की रक्षा का संकल्प। फिर देश के भीतर हम एक-दूसरे को जाति और धर्म के आधार पर क्यों बांट रहे हैं?

**अब जनता को तय करना होगा कि राजनीति का एजेंडा क्या होगा!:** भारत को आज एक ऐसी राजनीतिक संस्कृति की जरूरत है, जहां नेता जनता को जाति और धर्म के नाम पर बांटने के बजाय शिक्षा, रोजगार, किसानों की आय, युवाओं के भविष्य, महिलाओं की सुरक्षा, भ्रष्टाचार और विकास पर जवाब दें। हमें ऐसी राजनीति चाहिए जिसमें ब्राह्मण, ठाकुर, वैश्य, पिछड़ा, दलित, आदिवासी और हर वर्ग को सम्मान मिले। किसी को अपनी पहचान छिपाने की जरूरत न हो और किसी को अपनी पहचान के कारण अपमानित भी न होना पड़े। सनातन की रक्षा के नाम पर नफरत नहीं फैलनी चाहिए। सामाजिक न्याय के नाम पर किसी समाज का अपमान नहीं होना चाहिए। आरक्षण पर स्वस्थ बहस होनी चाहिए और सामान्य वर्ग की समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। याद रखिए, देश किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक जनता के दिए हुए अधिकारों से जिम्मेदारी निभाते हैं। जनता ही लोकतंत्र की असली ताकत है।

**अंत में एक सवाल देश के हर नागरिक से—** क्या हम अपने बच्चों को ऐसा भारत देना चाहते हैं जहां वे अपनी जाति और धर्म बताकर पहचाने जाएं, या ऐसा भारत जहां उनकी पहचान उनकी शिक्षा, मेहनत, प्रतिभा और इंसानियत से हो? देश को बांटने वाली राजनीति पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी केवल नेताओं की नहीं, जनता की भी है। हमें सवाल पूछने होंगे, प्रमाण मांगने होंगे और हर दल को एक ही कसौटी पर परखना होगा।

### हिंदू-मुस्लिम के बाद अब जातियों के बीच दूरी?

पिछले दो दशकों की राजनीति में हिंदू-मुस्लिम संबंधों, राष्ट्रीय सुरक्षा, घुसपैठ और धार्मिक पहचान जैसे मुद्दे सार्वजनिक बहस के केंद्र में रहे हैं। इन मुद्दों पर अलग-अलग दलों ने अपने राजनीतिक दृष्टिकोण रखे हैं। लेकिन जनता को यह भी पूछना चाहिए कि इन बहसों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई और किसानों की समस्याओं पर कितनी गंभीरता से काम हुआ? यदि घुसपैठ राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न है तो उस पर ठोस आंकड़े और प्रभावी कार्रवाई सामने आनी चाहिए। यदि धर्मांतरण चिंता का विषय है तो कानून और संविधान के दायरे में प्रमाणों के आधार पर बात होनी चाहिए। केवल भाषणों और आशंकाओं से किसी समस्या का समाधान नहीं होता। आज एक नई बहस दिखाई दे रही है। सामान्य वर्ग और आरक्षित वर्ग के बीच आरोप-प्रत्यारोप बढ़ रहे हैं। कुछ राजनीतिक वक्तव्य और सोशल मीडिया की भाषा इस दूरी को और बढ़ाते हैं। सवाल यह है कि इससे लाभ किसे मिलता है और नुकसान किसका होता है?

दूसरी तरफ आरक्षित वर्गों के सामने भी सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार और समान अवसर की वास्तविक चुनौतियां हैं। आरक्षण उनके संवैधानिक अधिकारों और ऐतिहासिक सामाजिक वंचना से जुड़ा विषय है। इसे किसी एक समाज के खिलाफ खड़ा करना उचित नहीं है। आरक्षण पर सवाल पूछना और उसकी समीक्षा की बात करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन आरक्षण के नाम पर किसी दूसरे समाज को अपमानित करना भी सामाजिक न्याय नहीं हो सकता। इसी तरह सामान्य वर्ग की चिंताओं को सुनना भी जरूरी है। आर्थिक कठिनाइयां, रोजगार और अवसरों की प्रतिस्पर्धा जैसे सवालों पर संवाद होना चाहिए। किसी भी समाज की पीड़ा को दूसरे समाज की पीड़ा से बड़ा या छोटा बताकर राजनीति करना समाधान नहीं है। सवाल यह है कि क्या हम अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं या एक-दूसरे से लड़ने में अपनी ऊर्जा गंवा रहे हैं?

## जेएलएन कॉलेज में ज्ञान प्रणाली पर छह दिवसीय एफडीपी आज से, उच्च शिक्षा मंत्री करेंगे उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

**डेहरी ऑन सोन (रोहतास)।** जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय, डेहरी ऑन सोन में 25 से 30 नवंबर तक भारतीय ज्ञान प्रणाली (इंडियन नॉलेज सिस्टम) विषय पर छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के अंतर्गत आने वाले अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन 25 नवंबर को बिहार सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर करेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति, दर्शन, इतिहास, विज्ञान एवं नैतिक मूल्यों से परिचित कराना तथा नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप इन विषयों को आधुनिक शिक्षण पद्धति से जोड़ना है। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के पूर्व एवं वर्तमान कुलपति, विद्वान, प्रोफेसर और विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। छह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान इतिहास, दर्शन, वैदिक ज्ञान, आयुर्वेद, योग, भारतीय गणित, खगोलशास्त्र, चिकित्साशास्त्र एवं लोक परंपराओं सहित विभिन्न विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. शैलेन्द्र कुमार ओझा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक साबित होगा। इसमें विभिन्न अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक भाग लेंगे। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पंजीयन एवं भागीदारी के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों से इस छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## जीवन बाबा महोत्सव में रातभर झूमते रहे श्रोता, दुगोला मुकाबले में गुड्डू हलचल बने विजेता

लोकतंत्र की आवाज



**राजपुर (रोहतास)।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जीवन बाबा सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार की रात नोखा रोड स्थित गर्ल्स हाई स्कूल परिसर में जीवन बाबा महोत्सव सह वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरी रात लोकगीतों और दुगोला मुकाबले की धूम रही। अरवल और सिवान के व्यासों के बीच हुए गायन मुकाबले का श्रोताओं ने देर रात तक आनंद लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन नोखा विधायक सह आवास समिति के सभापति नागेंद्र चंद्रवंशी, जिला परिषद सदस्य रेशमा पटेल, प्रमुख कुंती कुंअर, मुखिया रंजू देवी, सरपंच शकीला खातून और संघ के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है। आयोजक समिति की ओर से अतिथियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद अरवल के व्यास गुड्डू हलचल और सिवान के व्यास संतोष कुमार सिंह के बीच दुगोला मुकाबला शुरू हुआ। टॉस जीतकर गुड्डू हलचल ने गणेश वंदना 'गौरी के ललनवा के सुमिरन में बुलाईना' प्रस्तुत कर समां बांध दिया। जवाब में संतोष कुमार सिंह ने देवी गीत 'माई हो तनी आजईतू' गाकर खूब तालियां बटोरीं।

दोनों व्यासों को समिति की ओर से रामचरितमानस का वन गमन प्रसंग दिया गया। इसके बाद दोनों गायकों ने वीर, श्रृंगार और भक्ति रस के गीतों की शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को रातभर झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, नृत्यांगना सोनाली और जूही के नृत्य पर युवा खूब थिरके। निर्णायक मंडल ने अरवल के व्यास गुड्डू हलचल को विजेता घोषित किया। उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जबकि सिवान के व्यास संतोष कुमार सिंह को उपविजेता का कप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुखिया पति सह समाजसेवी सतीश कुमार सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन रमाकांत दुबे ने किया।

आयोजन को सफल बनाने में अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं समाजसेवी महेंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता, सतपाल सिंह, जितेश पांडेय, सुनील तिवारी, जनार्दन सिंह, दिनेश तिवारी, पप्पू महात्मा सहित जीवन बाबा सेवा संघ के सदस्यों और स्थानीय पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा।

## सासाराम में मोबाइल चोरी का 24 घंटे में खुलासा, चार गिरफ्तार, 16 मोबाइल बरामद

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम (रोहतास)।** बड्डी थाना क्षेत्र के गोतहर गांव में मोबाइल चोरी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से विभिन्न कंपनियों के कुल 16 मोबाइल बरामद किए गए हैं। इनमें एक आईफोन भी शामिल है। पुलिस ने चोरी के मोबाइल खरीदने और रखने के आरोप में तीन दुकानदारों को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर की रात गोतहर गांव निवासी मनीष सिंह (21) के घर में रखा मोबाइल चोरी हो गया था। इस मामले में मनीष सिंह के आवेदन पर 24 नवंबर को बड्डी थाना कांड संख्या 204/26 दर्ज किया गया था। इसमें गांव के ही विक्की सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ सासाराम-1 के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त विक्की सिंह के घर छापेमारी की, जहां से चोरी गया मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने चोरी के मोबाइल खरीदने और रखने वाले अन्य लोगों की जानकारी दी।

इसके आधार पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर शिवसागर थाना क्षेत्र के सिकरौर गांव निवासी अमन कुमार सिंह की दुकान से तीन मोबाइल, बड्डी थाना क्षेत्र के आलमपुर निवासी सत्येंद्र कुमार की दुकान से तीन मोबाइल तथा सुनील शर्मा की दुकान से चार और उसके घर से पांच मोबाइल बरामद किए। इस प्रकार कुल 16 मोबाइल जब्त किए गए। मोबाइलों के वैध दस्तावेज मांगने पर संबंधित दुकानदार कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके और न ही संतोषजनक जवाब दे पाए। गिरफ्तार आरोपितों में गोतहर गांव का विक्की सिंह, सिकरौर का अमन कुमार सिंह तथा आलमपुर के सत्येंद्र कुमार और सुनील शर्मा शामिल हैं।

बरामद मोबाइलों में तीन वीवो, एक रियलमी, एक लावा, तीन सैमसंग, तीन रेडमी, एक एप्पल आईफोन, दो इनफिनिक्स, एक नार्जो और एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल शामिल है। छापेमारी दल में बड्डी थानाध्यक्ष सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## माँ काली मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन संपन्न, भंडारे में उमड़ी भीड़

लोकतंत्र की आवाज

**संझौली।** गंगाजल मठ स्थित माँ काली मंदिर परिसर में जय माँ काली कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हो गया।

इस अवसर पर 24 नवंबर को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और माँ काली का आशीर्वाद प्राप्त किया। 23 नवंबर को शुरू हुए अखंड हरिकीर्तन के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। हरे राम-हरे कृष्ण के जयघोष और भजन-कीर्तन से पूरा गांव गुंजायमान होता रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। आयोजन के समापन के बाद आयोजित भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। ग्रामीणों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए भंडारे की व्यवस्था को सफल बनाया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में गांव के महंत शिवानंद गिरि जी का विशेष मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वहीं आयोजनकर्ता लल्लू शर्मा एवं रौशन कुमार की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में दीपक कुमार, विनय कुमार, अमन कुमार, विशाल कुमार, कृष्णा कुमार, जयराम कुमार एवं करन कुमार सहित अन्य सहयोगियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजनकर्ताओं ने कहा कि ग्रामीणों की एकजुटता, आपसी प्रेम, सहयोग और माँ काली के प्रति अटूट आस्था के कारण यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। अंत में माँ काली से समस्त ग्रामवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

## भूमि विवाद के 11 मामलों की सुनवाई, 4 का निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज।** भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन और आम लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज की अध्यक्षता में सभी अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि विवाद से संबंधित कुल 11 परिवादियों के मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें चार परिवादों का निष्पादन किया गया। सुनवाई के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पक्षों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर मामलों की समीक्षा करते हुए चार परिवादों का निष्पादन किया गया। इस दौरान एसडीएम ने सभी अंचल अधिकारियों को भूमि विवाद से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करने तथा भूमि विवाद के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित विधि-व्यवस्था की समस्याओं पर विशेष निगरानी रखने को कहा।

## तुमसे बिछड़कर भी कहाँ जा पाऊँगा... ऐ पत्रकारिता!

लोकतंत्र की आवाज

**दिनेश तिवारी**



**रोहतास, बिहार।** जब से तुम मुझे पसंद आई हो, ऐ पत्रकारिता! मैंने अपने अस्तित्व को तुम्हारे भीतर ही तो तलाशा है। तुम्हारे अलावा किसी दूसरी डगर पर मेरी नजर कभी उठी ही नहीं। जिंदगी ने कई रास्ते दिखाए, कई मंजिलें आवाज देती रहीं, मगर मेरा मन कभी तुम्हारी चौखट छोड़कर कहीं और जाने को तैयार ही नहीं हुआ। मैं ठहर गया तुम्हारे अपनत्व की छाँव में। उम्र के साथ कदम थकते रहे, रास्ते बदलते रहे, लोग आते-जाते रहे, मगर तुम्हारे प्रति मेरा प्रेम कभी कम नहीं हुआ। मैं तुम्हारे साथ ऐसे चलता रहा जैसे कोई परछाई अपने अस्तित्व के लिए रोशनी का साथ नहीं छोड़ती।

तुम्हारे साथ चलते हुए कितनी खूबसूरत पगडंडियाँ देखीं, कितने कांटों से गुजरा, कितनी बार गिरा, कितनी बार अपनों ने ही हाथ छोड़ दिया। कभी तुम्हारी वजह से भूखा सोया, कभी तुम्हारी वजह से अपमान सहा, कभी तुम्हें बचाने के लिए खुद को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। मगर तुम्हारे प्रति शिकायत कभी नहीं की। तुम्हें मालूम है, मैंने तुम्हारे लिए क्या-क्या छोड़ा है? शायद नहीं! क्योंकि तुम तो हमेशा मेरी कलम में बसी रहीं और मैं दुनिया की भीड़ में तुम्हारी आवाज तलाशता रहा। लोगों ने पूछा कि आखिर तुम्हें मिला क्या इस पत्रकारिता से? मैं हर बार मुस्कुरा दिया। कैसे बताता कि मुझे तुम मिली हो। तुम्हारे कारण ही तो मेरी सुबह होती है, तुम्हारे कारण ही रातों को नींद नहीं आती। किसी अनजान पीड़ित की आंखों में उम्मीद देखता हूँ तो लगता है जैसे तुमने आज फिर मुझे गले लगा लिया हो।

मैंने तुम्हें कभी किसी पद, पुरस्कार, पहचान या प्रतिष्ठा के लिए नहीं चाहा। तुम्हें पाने की मेरी कोई शर्त नहीं थी। तुम मुझे स्वीकार करो या न करो, दुनिया मुझे तुम्हारे योग्य समझे या न समझे, इससे मेरे प्रेम की गहराई कभी कम नहीं होगी। कभी-कभी मन बहुत उदास होता है। सोचता हूँ कि आखिर कब तक तुम्हारा हाथ थामकर चलता रहूँगा? उम्र के तीस साल तुम्हारे नाम कर दिए हैं। अब तो आईने में अपना चेहरा भी तुम्हारी कहानियों के बीच कहीं खोया हुआ दिखाई देता है। तुम्हें स्वतंत्र करके भी मैं तुम्हारे बंधन से मुक्त नहीं हो पाया। तुम चाहो तो मुझे अपने से अलग कर स

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह जिला में गुरु नानक जयंती पर विशेष हर्ष एवं उल्लास का माहौल



लोकतंत्र की आवाज ब्यूरो चीफ गिरिडीह झारखंड (2026.11.26)। गुरु नानक जयंती जिसे प्रकाश पर्व या गुरु पर्व भी कहते हैं सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस की खुशी/अवसर में मनाई जाती है इसी अवसर पर गिरिडीह में प्रभात फेरी शोभायात्रा तथा 24.11.2026 को गिरिडीह के प्रसिद्ध गुरुद्वारा में लंगर की भी व्यवस्था की गई थी जहां यह जानकारी दी गई की लगभग 5000 लोग लंगर से प्रसाद ग्रहण करते हैं सिख धर्म अनुयायियों के साथ-साथ अन्य सभी लोगों द्वारा भी इस लंगर में भोजन करने का आनंद प्राप्त किया गया। लेकिन शोभायात्रा में जगह-जगह पर जलपान शरबत पानी दूध इत्यादि की व्यवस्था शोभा यात्रा में निकले सिख धर्म प्रेमियों तथा उपस्थित अन्य सभी लोगों के लिए की गई थी जिसमें यह देखने में आया कि गिरिडीह के पूर्व विधायक श्री निर्भय शाहबादी द्वारा जिला परिषद समीप पानी फल नाश्ता के डिब्बे इत्यादि की व्यवस्था की गई थी जहां उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर इन सभी पेय पदार्थ एवं वस्तुओं का वितरण किया साथ ही साथ पुष्प गुच्छ देकर सबों के साथ-साथ गुणवंत सिंह जी का स्वागत किया तथा शोभा यात्रा में मौजूद सभी धर्म प्रेमियों को नाश्ता शरबत एवं पानी का वितरण किया।

### सॉल ओड़ा तथा बुके देकर राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद का स्वागत किया गया



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026.11.26)। धन्यभाग हमारे जो आप पधारे करहर बारी महेशलूंडी समीप जो सीसीएल ओपनकास्ट माइंस है यहां के उच्च पदाधिकारी मजदूरों के सवाल पर खुद को नया बताते हैं एवं कुछ दिनों में मैनेजमेंट को ठीक कर लेने की बात भी करते हैं वही आदरणीय सरफराज अहमद साहब ने कहा की जैसा काम चलना चाहिए था वैसा काम नहीं चल रहा है कंपनी का नाम तो सभी जानते हैं फिर भी जानकारी हेतु इसे केंद्रीय कोल फील्ड्स लिमिटेड( सीसीएल) कोल इंडिया की कंपनी का एक प्रकार है जिसे ओपन कास्टमाइंस कहते हैं तो क्या यह माना नहीं जा सकता है कि करहरबरी तथा महेशलुडी गांव इसी कोलफील्ड्स के बगल में बसे हैं सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार यह भारत की सबसे पुरानी कोयला खदानों में से एक है खदान कुछ वर्षों से बंद पड़ी थी पुनः कंपनी ने उत्पादन शुरू कर दिया है तो नजदीकी ग्रामीणों को क्या मिला खदान से धूल पेयजल के नाम पर दूषित जल परिणाम आने वाली पीढ़ी क्या खुद को स्वस्थ देख पाएगी!

### हंटरगंज सीएचसी में निःशुल्क कैंसर व हृदय रोग चिकित्सा शिविर आयोजित, दर्जनों मरीजों ने कराई जांच



लोकतंत्र की आवाज
हंटरगंज (चतरा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हंटरगंज में बुधवार को निःशुल्क कैंसर एवं हृदय रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के दर्जनों मरीजों ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लिया।शिविर में रांची के प्रसिद्ध सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अभिनव शेखर ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनीं और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। इस दौरान कैंसर से संबंधित संदिग्ध लक्षणों एवं हृदय रोग की समस्याओं से परेशान मरीजों ने अपनी जांच कराई।शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। शिविर के आयोजन से स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिला। इस पहल को लेकर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई। उनका कहना था कि इस तरह के चिकित्सा शिविर ग्रामीण इलाकों में नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

### हजारीबाग :होटल उपकार में विवाह समारोह के दौरान ताबड़तोड़ गोलीबारी, एक की मौत, दूसरा गंभीर



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग
(झारखंड)। हजारीबाग के डीवीसी चौक स्थित होटल उपकार में देर रात ताबड़तोड़ गोलीबारी की घटना हुई.शादी समारोह के दौरान हुई इस फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राँची रेफर किया गया.होटल में शादी समारोह चल रहा था. इसी दौरान बाराती और शराती पक्ष के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की सूचना है. देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और गोलीबारी शुरू हो गई. अचानक हुई फायरिंग से समारोह में अफरा-तफरी मच गई. लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे. घटना में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गोलीबारी की घटना में मृतक की पहचान बाबा पथ, हुरहुरू निवासी अर्णव सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है. गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, इस घटना में गंभीर रूप से घायल अंकित का इलाज राँची के एक अस्पताल में चल रहा है.प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शादी में लड़की पक्ष हजारीबाग के बाबा पथ, हुरहुरू और लड़का पक्ष चतरा जिले के सिमरिया का रहने वाला बताया गया है. फिलहाल गोलीबारी के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### टुनगुन गांव में लगा 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर



लोकतंत्र की आवाज
लावालौंग (चतरा)। लावालौंग प्रखंड के कटिया पंचायत अंतर्गत टुनगुन गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ट्रांसफार्मर खराब होने से पिछले कई दिनों से गांव में बिजली बाधित थी, जो अब बहाल हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रांसफार्मर खराब होने से पेयजल, सिंचाई और घरेलू कार्यों बच्चों को पढ़ाई सहित अन्य कार्यों में परेशानी हो रही थी। मामले की जानकारी भाजपा मंडल मंत्री सह पंचायत संयोजक अरविंद नंद कश्यप ने मंडल अध्यक्ष खगेश्वर साहू को दी। मंडल अध्यक्ष ने समस्या को सांसद कालीचरण सिंह और सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास के समक्ष रखा। दोनों जनप्रतिनिधियों की पहल पर विभाग ने नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया। बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी है। ग्रामीणों ने सांसद और विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# कार्तिक पूर्णिमा में नरसिंह मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, विधायक प्रदीप प्रसाद की ओर से श्रद्धालुओं के बीच हुआ महाप्रसाद वितरण





लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक भगवान श्री नरसिंह मंदिर परिसर में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान श्री नरसिंह के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन-पूजन कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस पावन अवसर पर हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद की ओर से कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस सेवाभावी आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक एवं सेवाभावी परंपरा के तहत प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण का आयोजन विधायक प्रदीप प्रसाद जी द्वारा किया जाता रहा है। यह पहल आस्था के साथ-साथ सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता की भावना को भी मजबूत करती है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधियों, विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों एवं विधायक प्रदीप प्रसाद के पुत्र सूर्यांश कुमार ने भी भगवान श्री नरसिंह के दरबार में माथा टेककर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्तिक पूर्णिमा मेले में मंदिर परिसर के आसपास लगने वाला पारंपरिक ईख (गन्ने) का बाजार भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। गन्ने की खरीदारी को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आस्था, पारंपरिक मेले की रौनक और ग्रामीण लोकसंस्कृति की अनूठी झलक ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।

इस पावन अवसर पर विधायक श्री प्रसाद ने अपनी मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान श्री नरसिंह की असीम कृपा समस्त हजारीबाग वासियों एवं क्षेत्रवासियों पर सदैव बनी रहे। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराएं और ऐसे आस्था से जुड़े आयोजन समाज में एकता, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। साथ ही, नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, विधायक पुत्र सूर्यांश कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुमन राय राजेश गुप्ता , राजेश ठाकुर , श्रीमती फुलवा कच्छप , कटकमदाग मंडल अध्यक्ष विमल गुप्ता, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष शिवपाल यादव जी, सनातनी विकास जी सहित अनेक गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## कोडरमा: गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरु नानक देव जी महाराज के 557 वे प्रकाश पर्व को लेकर सजा विशेष दीवान



लोकतंत्र की आवाज

**विजय बरणवाल जिला कोडरमा, झुमरी तिलैया।** गुरु नानक देव जी महाराज के 557 वे प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सजा विशेष दीवान। 24/11/2026 को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर एक विशेष दीवान सुबह 12:30 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें की पोंडा साहिब से रागी सरबजीत सिंह का जत्था अपने साथियों के साथ सारी संगत को कीर्तन से निहाल किया।

कीर्तन करने वालों में ज्ञानी राजा सिंह, शामिल थे। 2:30 बजे समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरताया गया, मौके पर मौजूद गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के ज्ञानी जी ने बतलाया की प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा साहिब को भव्य तरीके से सजाया गया। रात 8:30 बजे शाम से विशेष दीवान सजेगा जिसमें अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत विशेष दीवान में तख्त श्री हरमिंदर साहिब के रागी नवेन्दर सिंह एवं लोकल जत्थे अपने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे रात 1:40 पर गुरु महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा यशपाल सिंह गोल्डन ने बताया कि 2:00 बजे इस साल के प्रकाश पर्व के सारे कार्यक्रमों की समाप्ति होगी।

इस अवसर पर पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, आनंद कुमार, पूर्व प्रधान अवतार सिंह पूर्व सचिव यशपाल सिंह गोल्डन, अशोक छाबड़ा, रवि छाबड़ा, अक्षत सिंह छाबड़ा, गुरमीत सिंह, हरपाल सिंह, राजेश चावला, किशोरी भाटिया, मनजीत सिंह सोनी, रवि सलूजा, शशि सलूजा, बाबू तुलसी सिंह, सुरेंद्र सिंह, मनजीत कौर, रजनी कौर, सनी सलूजा, हरप्रीत कौर, पूनम कौर, सिमरन कौर, मनप्रीत कौर, दलजीत कोर, पूनम कौर, सिमरन कौर, शालू सलूजा, प्रीति सलूजा, सिख समाज के अलावा अन्य समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सोना बस की चपेट में आने से महिला घायल, ग्रामीणों ने दिखाई तत्परता



लोकतंत्र की आवाज

**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र के चौथा पुल के समीप सोना बस की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान मनातू थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी सीता देवी (पति मनी उरांव) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, चौथा पुल के पास महिला सोना बस की चपेट में आ गई, जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्परता और मानवता का परिचय देते हुए बिना देर किए घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल महिला को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

## 45वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप 2026 में हजारीबाग के पांच खिलाड़ियों का चयन हजारीबाग के खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** जिले के लिए यह गर्व और खुशी की बात है कि 45वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप 2026 के लिए ऑल स्पोर्ट्स एकेडमी हजारीबाग, विष्णुगढ़ के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे जिले और विष्णुगढ़ क्षेत्र में खुशी की लहर है।चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं अक्षरा सिंह – पिता: संतोष सिंह निधि रानी – पिता: देवनाथ महतो रिया राज – पिता: प्रकाश कुमार महतो सुजल कुमार – पिता: जुगल पंडित शिवम कुमार राज – पिता: शंकर कुमार साहु।

उल्लेखनीय है कि सभी चयनित खिलाड़ी ऑल स्पोर्ट्स एकेडमी हजारीबाग, विष्णुगढ़ से जुड़े हैं और नियमित रूप से +2 हाई स्कूल, विष्णुगढ़ में अभ्यास करते हैं। इस उपलब्धि को और भी खास बनाते हुए एकेडमी के कोच श्री सौरव कुमार यादव का भी 45वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप 2026 में झारखंड बॉयज टीम के कोच-कम-मैनेजर के रूप में चयन हुआ है। पांच खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन और कोच को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और कोच के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गौतम वर्मा ने सभी चयनित खिलाड़ियों एवं कोच सौरव कुमार यादव को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड एवं हजारीबाग जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। हजारीबाग की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने की दिशा में शानदार कदम बढ़ाया है।

## आम्रपाली के होन्हे जंगल में पुलिस और राहुल दुबे गैंग के शूटर के बीच मुठभेड़, आनंद कुमार को लगी गोली

लोकतंत्र की आवाज



**टंडवा, चतरा।** चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र स्थित आम्रपाली कोल परियोजना के होन्हे जंगल में बुधवार अहले सुबह पुलिस और राहुल दुबे गैंग के एक शूटर के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गैंग के कथित शूटर आनंद कुमार के दाहिने पैर में गोली लगी है। घायल अपराधी चतरा सदर का निवासी बताया जा रहा है। बेहतर इलाज के लिए उसे हजारीबाग रेफर किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, होन्हे से गोडवाइर जाने वाले रास्ते के जंगल में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई।

घटनास्थल से पुलिस ने तीन खोखे, एक लोडेड बंदूक और खून के निशान बरामद किए हैं। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया है। एसपी अनिमेष नैथानी ने घायल अपराधी को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजने की बात सामने आया है। बताया जाता है कि घायल आनंद कुमार राहुल दुबे गैंग से जुड़ा शूटर है।इस गैंग पर हजारीबाग के एक होटल में गोलीबारी करने और आम्रपाली कोल परियोजना में कोयला परिवहन का कार्य कर रही एबीएस कंपनी के कार्यालय पर भी गोलीबारी कर दहशत फैलाने के आरोप बताई जा रही है। इन घटनाओं के बाद से ही पुलिस गैंग के सदस्यों की तलाश में जुटी थी।

गौरतलब है कि चतरा पुलिस ने करीब तीन माह के भीतर राहुल दुबे गैंग से जुड़े शूटर के खिलाफ दूसरी बार मुठभेड़ में कार्रवाई की है। इससे पहले अगस्त माह में बसरिया जंगल में भी पुलिस ने एक अपराधी को मुठभेड़ के दौरान गोली मारी थी। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं और कोयलांचल में दहशत फैलाने की कोशिशों के बीच पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और आपराधिक नेटवर्क पर पूरी तरह लगाम लगाने की चुनौती अब भी पुलिस के सामने है।

## लावालौंग: बाइक से दुर्घटना में घायल हुए सुरेंद्र भुइया की रांची रिम्स में मौत

लोकतंत्र की आवाज



**लावालौंग।** लावालौंग प्रखंड अंतर्गत शिराजपुर गांव के 25 वर्षीय युवक सुरेंद्र भुइया की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। सुरेंद्र भुइया पिता लालू भुइया 16 नवम्बर को अपने ही बाइक से एक पेड़ में टकरा गए थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें पहले स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था।

बताया जाता है कि सुरेंद्र भुइया 16 नवम्बर को अपने किसी काम से बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुरेंद्र भुइया को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत उठाकर अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था।

रिम्स में करीब आठ दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद 24 नवम्बर की रात्रि में उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही शिराजपुर गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं।

मृतक सुरेंद्र भुइया अपने पीछे पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य होने के कारण अब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण को लेकर परिजन चिंतित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता देने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने वाहन चालकों से भी अपील की है कि वाहन चलाते समय हमेशा सावधानी बरतें, हेलमेट पहनें और तेज गति से वाहन न चलाएं, ताकि इस तरह की दुखद घटना दोबारा न हो।

# गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सांसद, एसपी सहित कई लोग ने मत्था टेक ग्रहण किया लंगर

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व मंगलवार को हजारीबाग में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा परिसर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार रहा। गुरबाणी, भजन-कीर्तन और गुरु के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रकाश पर्व पर आयोजित विशेष कीर्तन दीवान में विभिन्न रागी जत्थों ने अपनी मधुर वाणी से संगत को निहाल किया।

48 घंटे से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब की पूर्णता पर अरदास की गई। सुबह 9 बजे से शुरू हुए विशेष कीर्तन दीवान में भाई परमजीत सिंह (गोलू वीरजी), भाई ईश्वर सिंह (हजूरी रागी, सचखंड श्री दरबार साहिब, अमृतसर), समूह संगत एवं बीबी मनप्रीत कौर (टाटानगर) ने गुरबाणी और कीर्तन प्रस्तुत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2 बजे विशेष कीर्तन दीवान की संपूर्ण समाप्ति हुई। कीर्तन की मधुर धुनों से गुरुद्वारा परिसर गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर होकर गुरु महिमा का गुणगान करते रहे। प्रकाश पर्व के अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार गुरुद्वारा पहुंचे और गुरु नानक देव जी के समक्ष मत्था टेक आशीर्वाद लिया।

गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने दोनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।



तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने गुरुद्वारा परिसर में आयोजित गुरु के अटूट लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इनके अलावा जिले के कई गणमान्य एवं समाजसेवी भी गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेक गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद मनीष जायसवाल ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु की शिक्षाएं मानवता, सेवा, प्रेम, समानता और आपसी सद्भाव का मार्ग दिखाती हैं। उनके विचार समाज को एकजुट करने और प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सम्मान एवं संवेदना का भाव विकसित करने की प्रेरणा देते हैं। ने मानवता, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वह आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उनके उपदेशों को जीवन में अपनाकर समाज में भाईचारे और शांति की भावना को मजबूत करना चाहिए।

**■ अमृतसर के हजूरी रागी भाई ईश्वर सिंह सहित विभिन्न कीर्तनकारों ने संगत को किया निहाल**

गुरुद्वारा कमेटी की ओर से कहा गया कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता, सेवा, समानता और भाईचारे को आत्मसात करने का अवसर है। गुरु साहिब के संदेशों को जीवन में उतारना और समाज में प्रेम एवं सद्भाव बनाए रखना ही इस पावन दिवस की सार्थकता है। कमेटी ने प्रकाश पर्व में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। दीवान एवं अरदास के उपरांत गुरुद्वारा परिसर में गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने संगत में शामिल होकर लंगर ग्रहण किया। सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर भोजन करते नजर आए, जो गुरु नानक देव जी के समानता, सेवा और भाईचारे के सिद्धांत का सजीव उदाहरण बना। प्रकाश पर्व का आयोजन श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक एकता के भाव के साथ संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कैमूर के इंदू शेखर बने बिहार के रेफरी




**भभुआ।** कैमूर के ताइक्वांडो कोच एवं राष्ट्रीय रेफरी इंदू शेखर को 70वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बिहार की ओर से रेफरी नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता 26 से 30 नवंबर तक रांची के ताना भगत इंडोर स्टेडियम में होगी, जिसमें अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस नियुक्ति पर जिले के खेल पदाधिकारियों व कोचों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।

### कैमूर टाइगर ने वॉरियर्स को 1-0 से हराया



**भभुआ (कैमूर)।** जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में जगजीवन स्टेडियम, भभुआ में चल रही जिला फुटबॉल सुपर लीग-04 चैंपियनशिप में बुधवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें कैमूर टाइगर फुटबॉल क्लब ने वॉरियर्स फुटबॉल क्लब को 1-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। मैच का शुभारंभ जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रथम हाफ में कैमूर टाइगर के सलमान अंसारी ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में वॉरियर्स के खिलाड़ियों ने बराबरी के कई प्रयास किए, लेकिन सफल नहीं हो सके। मुख्य रेफरी राजेश कुमार राय रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### भभुआ : रामगढ़ के ठाकुरा स्थित हरपाल बौद्ध विहार में धूमधाम से मनाया गया बौद्ध धर्म दीक्षा समारोह



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरा गांव स्थित हरपाल बौद्ध विहार के सौजन्य से 23 नवंबर को बौद्ध धर्म दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूर-दराज से आए बौद्ध भिक्षुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। हर साल की भांति इस वर्ष भी हरपाल बौद्ध विहार, ठाकुरा में समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित कर जलपान कराया गया। आयोजन के दौरान बौद्ध धर्म की परंपराओं, विचारों और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामबिहारी सिंह, भिक्षु बुद्ध शरण, भंते प्रज्ञा सील, भंते राजेंद्र सिंह एवं भिक्षु पाईया रतन सहित अन्य बौद्ध भिक्षु उपस्थित रहे। समारोह में स्थानीय लोगों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के माध्यम से आपसी भाईचारे, समानता, शांति और मानवता का संदेश दिया गया।

# भभुआ व मोहनिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, दो दिन में ₹36,300 जुर्माना वसूल

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर (भभुआ/मोहनिया)।** शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कैमूर प्रशासन ने अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान तेज कर दिया है। नगर परिषद भभुआ और नगर पंचायत मोहनिया द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत पिछले दो दिनों (24 और 25 नवंबर) में कुल ₹36,300 का जुर्माना वसूल किया गया है।

**भभुआ में सख्त कार्रवाई, सामान जब्त:** बुधवार (25 नवंबर) को नगर परिषद भभुआ की टीम ने एकता चौक, सब्जी मंडी समेत अन्य प्रमुख इलाकों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, थाना प्रभारी और पुलिस बल की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई के दौरान सड़क व फुटपाथ घेरकर कारोबार करने वाले ठेला-खोमचे व दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले 24 लोगों से ₹15,500 जुर्माना वसूला गया तथा सार्वजनिक स्थानों से 6 वेट मशीन और 4 साइन बोर्ड जब्त किए गए। नगर परिषद भभुआ में दो दिनों में कुल ₹27,500 जुर्माना वसूला गया।

**मोहनिया में मुंडेश्वरी गेट का पूर्वी द्वार खुला:** दूसरी ओर, नगर पंचायत मोहनिया ने भभुआ रोड, सासाराम रोड और दुर्गावती रोड समेत प्रमुख स्थलों पर अतिक्रमण हटाया। बुधवार की कार्रवाई में ₹7,700 जुर्माना वसूला गया, जबकि दो दिनों का कुल जुर्माना ₹8,800 रहा। इस दौरान छोटे वाहनों (बाइक, ई-रिक्शा आदि) की सुगम आवाजाही के लिए मुंडेश्वरी गेट के पूर्वी द्वार को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। नगर पंचायत ने लोगों से छोटे वाहनों के लिए इसी मार्ग का उपयोग करने की अपील की है।

**नियमित जारी रहेगा अभियान:** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण कर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थलों पर ही व्यवसाय करें, यातायात नियमों का पालन करें और शहर को जाम व अतिक्रमणमुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग दें।

## दुर्गावती में पशु तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, 31 मवेशियों से भरा कंटेनर जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार



- सावठ के समीप एन एच-19 की दक्षिणी लेन में पुलिस की कार्रवाई, मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर बिहार से यूपी ले जा रहे थे तस्कर

लोकतंत्र की आवाज

**दुर्गावती।** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सावठ के समीप एनएच-19 की दक्षिणी लेन से 31 मवेशियों से लदे एक कंटेनर को जब्त करते हुए मौके से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कंटेनर में मवेशियों को अमानवीय तरीके से ठूंसकर बिहार से उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बिनौली थाना क्षेत्र के बरनावा गांव निवासी लियाकत पिता किमो और इस्लाम पिता युसुफ तथा मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी नौशाद पिता रहीस के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, कंटेनर में 31 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर औरंगाबाद से उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिलने पर दुर्गावती पुलिस ने सावठ के समीप घेराबंदी कर कंटेनर को रोक लिया। तलाशी के दौरान उसमें से 31 मवेशी बरामद किए गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और कंटेनर को जब्त कर लिया। यह पूरी कार्रवाई थानाध्यक्ष विजय प्रसाद के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में पीटीसी आनंद दुबे, सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार सुमन सहित दुर्गावती थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 31 मवेशियों को बरामद किया गया है तथा तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। मवेशियों को कंटेनर में क्रूरतापूर्वक भरकर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जिला अधिवक्ता संघ भवन में 26 नवंबर को मनाया जाएगा संविधान दिवस



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ (कैमूर)।** आज दिनांक 25/11/2026 को प्रदेश सचिव बसपा सह वरीय अधिवक्ता एड. राम एकबाल राम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर को नमन करते हुए जिला अधिवक्ता संघ भवन, भभुआ में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एड. रणविजय कुमार, एड. नन्दु कुमार, एड. रामकेशी राम, एड. सुनील कुमार सहित अन्य अधिवक्तागण शामिल रहे।

## जमीन विवाद में मारपीट, एक ही परिवार के तीन लोग घायल; वृद्ध महिला रेफर, महिला का टूटा दाहिना हाथ



- रामपुर के बसुहारी गांव में लाठी-डंडे और रॉड से हमला करने का आरोप

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर।** रामपुर प्रखंड के बेलांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बसुहारी गांव में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष के एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 78 वर्षीय वृद्ध महिला भी शामिल हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान बसुहारी गांव निवासी 56 वर्षीय बच्चू राम, उनकी 78 वर्षीय मां लक्ष्मीना कुंवर और 15 वर्षीय पुत्र सुधांशु कुमार के रूप में हुई है। बुधवार को दोपहर करीब 2:30 बजे तीनों को इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल लाया गया। घायल बच्चू राम ने बताया कि जमीन को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। बुधवार को उनके सगे भाई प्रमोद राम विवादित जमीन पर चले गए। इस पर उनकी मां ने उन्हें वहां जाने से मना किया। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने रॉड और लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे बच्चू राम और उनके पुत्र सुधांशु कुमार को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। मारपीट में उनकी मां का दाहिना हाथ टूट गया। सभी घायलों का पहले रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर किया गया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में जमीन विवाद को लेकर तनाव का माहौल है।

## पत्रकारों की आवाज पर प्रशासन ने की पहल, खुला प्रेस क्लब भवन




लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के पत्रकारों द्वारा प्रेस क्लब भवन के संचालन को लेकर लगातार खबरों के माध्यम से आवाज उठाए जाने के बाद जिला प्रशासन ने पहल करते हुए प्रेस क्लब भवन को पत्रकारों के लिए खोल दिया है। करीब दस वर्षों से बंद पड़े भवन के खुलने से जिले के पत्रकारों में खुशी का माहौल है। पत्रकारों का कहना था कि वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उद्घाटन के बाद भी करीब 73 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन का सुचारू संचालन नहीं हो पा रहा था, जिससे पत्रकारों को बैठकों और पत्रकारिता से जुड़ी गतिविधियों के लिए जगह नहीं मिल पा रही थी। इस मुद्दे को प्रेस क्लब कैमूर के कार्यकारी अध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत पांडेय, सचिव मनीष पाण्डेय सहित जिले के सभी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने प्रमुखता से उठाया। प्रत्येक वर्ष प्रेस दिवस पर भी इस मांग को जिला प्रशासन के समक्ष रखा जाता रहा। अंततः जिला प्रशासन की पहल पर भवन खोला गया है। फिलहाल भवन की साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि जल्द ही यहां नियमित गतिविधियां शुरू हो सकें।

## रामपुर : बैठक में किसानों को नई तकनीक की दी जानकारी



लोकतंत्र की आवाज

**रामपुर।** रामपुर प्रखंड के किसान भवन में बुधवार को प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने की। बैठक में किसानों को कृषि की नई तकनीकों की जानकारी दी गई। किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता, कृषि योजनाओं का लाभ, बीज उपचार, मिट्टी की जांच, फसल प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीक के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल मौर्य ने कहा कि किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूक किया जाएगा, ताकि वे नई तकनीक अपनाकर अपनी उपज बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि किसान चौपाल और किसान पाठशाला के माध्यम से गांव स्तर पर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। बैठक में कृषि विभाग और किसानों के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर भी जोर दिया गया, ताकि योजनाओं का लाभ रामपुर प्रखंड के हर किसान तक पहुंच सके। बैठक में तकनीकी प्रबंधक अमन सिंह किसान सलाहकार एवं किसान उपस्थित है।

## मोहनिया समेकित चेक पोस्ट पर 999 लीटर विदेशी शराब जब्त, चालक गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**मोहनिया।** समेकित जांच चौकी पर मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि उत्पाद पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान घरेलू सामान की आड़ में मैजिक वाहन से तस्करी कर लाई जा रही 111 पेटी विदेशी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा करीब 999 लीटर बताई गई है। वहीं, मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग 15 लाख रुपये आंका गया है। गिरफ्तार चालक की पहचान दक्षिणी दिल्ली के लाजपत नगर निवासी श्याम लाल के 40 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार मौर्य के रूप में हुई है। इस संबंध में समेकित जांच चौकी के उत्पाद प्रभारी संतोष श्रीवास्तव ने बुधवार की सुबह फोन पर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक मैजिक वाहन में घरेलू सामान की आड़ में भारी मात्रा में विदेशी शराब छिपाकर बिहार में तस्करी के लिए लाई जा रही है। सूचना के आधार पर जांच चौकी पर वाहनों की सघन जांच शुरू कराई गई। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रहे संदिग्ध मैजिक वाहन को रोककर तलाशी ली गई। जांच में घरेलू सामान के बीच छिपाकर रखी गई 111 पेटी विदेशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह वाराणसी से शराब लोड कर बिहार में डिलीवरी देने जा रहा था। उत्पाद पुलिस ने गिरफ्तार चालक के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अधौरा के बड़वान कला और खुर्द के 600 घर अंधेरे में, सड़क-बिजली और पानी की समस्या से परेशान ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट

### सात निश्चय योजना का लाभ नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश, दो साल से खराब पड़े सौर ऊर्जा प्लांट





लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर** जिले के अधौरा प्रखंड के बड़वान कला और बड़वान खुर्द गांव के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। करीब 600 घरों की बस्ती और लगभग पांच हजार की आबादी वाले इन दोनों गांवों में सड़क, बिजली और पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना के तहत हर घर बिजली, हर घर नल का जल और पक्की गली-नाली की व्यवस्था करने का दावा किया गया था, लेकिन इन गांवों में इसका लाभ नहीं पहुंच सका है। बुधवार को अपनी समस्याओं को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला पदाधिकारी से समाधान की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रोशनी के लिए 50 किलोवाट, 15 किलोवाट और 10 किलोवाट के सौर ऊर्जा प्लांट लगाए गए थे, लेकिन पिछले दो वर्षों से ये खराब पड़े हैं। प्लांट की बैटरियां भी पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। इसके कारण दोनों गांव अंधेरे में डूबे रहते हैं। रात में महिलाओं को घर से बाहर निकलने में परेशानी होती है, वहीं बिजली के अभाव में बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। बिजली नहीं रहने से नल-जल योजना भी ठप पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने श्रमदान कर पांच किलोमीटर सड़क बनाई है। कई बार चैनपुर विधायक सह मंत्री मो. जमा खान से भी समस्या बताई गई, लेकिन केवल आश्वासन मिला। उन्होंने जनप्रतिनिधियों पर चुनाव के समय वादे करने और जीतने के बाद सुधि नहीं लेने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने डीएम से जल्द सौर प्लांट की मरम्मत, बिजली, सड़क और पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जिला प्रशासन व सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो आगे आंदोलन करने के लिए भी बाध्य हो जाएंगे। कलेक्ट्रेट पहुंचने वालों में चंदन कुमार भारती, प्रेमा देवी, अंशु कुमारी, नीतीश कुमार, रवि शंकर, कुंती देवी, अमित कुमार, रोहित कुमार, इंदु कुमारी, जोगिंदर कुमार, आजाद कुमार, नीरज कुमार, लक्ष्मण सिंह और वशिष्ठ कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आपका मोबाइल फिर से आपका "अंतर्गत 80 बरामद मोबाइल फोन वास्तविक धारकों को सौंप दिए गए



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026.11.26)। गिरिडीह पुलिस द्वारा आम नागरिकों के गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ₹आपका मोबाइल फिर से आपका₹ के तहत आज दिनांक 25/11/2026 को पुलिस केंद्र, गिरिडीह में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह डॉ. बिमल कुमार द्वारा तकनीकी शाखा (Technical Cell) एवं विभिन्न थानों के सहयोग से बरामद किए गए कुल 80 मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किए गए। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर सभी लाभुकों ने गिरिडीह पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। वर्ष 2025 में कुल 426 मोबाइल फोन तथा वर्ष 2026 में कुल 689 मोबाइल फोन कुल मिलाकर 1115, मोबाइल फोन अब तक उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिए गए हैं। गिरिडीह पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाने में सनहा/प्राथमिकी दर्ज कराएं तथा भारत सरकार के CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल पर अपनी शिकायत अवश्य दर्ज करें, ताकि मोबाइल की बरामदगी शीघ्र सुनिश्चित की जा सके।

### चार फरार वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार राउत ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में सुंदरपुर निवासी मुस्तकीम, राजेश कुमार यादव, परसबन्ना निवासी अशोक पासवान व प्रदीप पासवान का नाम शामिल है।

### भागलपुर बनेगा बिहार का दूसरा सबसे बड़ा फॉरेंसिक केंद्र,, 80 नए पद सृजित किए गए

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। बिहार में वैज्ञानिक तरीके से अपराधों की जांच को मजबूत करने की दिशा में भागलपुर को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। शहर का फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) राज्य का दूसरा सबसे बड़ा फॉरेंसिक केंद्र बनने जा रहा है। इसके लिए लैब में 80 नए पद सृजित किए गए हैं। साथ ही जल्द ही यहां डीएनए जांच यूनिट भी शुरू की जाएगी। नए आपराधिक कानूनों के तहत सात साल या उससे अधिक सजा वाले अपराधों में घटनास्थल पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भेजना अनिवार्य किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 176(3) के तहत विशेषज्ञ घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाएंगे। इन साक्ष्यों की जांच के बाद तैयार रिपोर्ट अदालत में सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे पुलिस की जांच और अभियोजन पक्ष को मजबूती मिलने की उम्मीद है। गंभीर आपराधिक मामलों के साथ पॉक्सो मामलों में भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर फॉरेंसिक जांच पूरी करना जरूरी है। भागलपुर में फॉरेंसिक लैब के विस्तार और डीएनए यूनिट की शुरुआत से आसपास के जिलों को भी वैज्ञानिक जांच की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। इससे गंभीर अपराधों के अनुसंधान में तेजी आएगी और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी।

### नवनिर्वाचित जिला प्रमुख अलका बैरवा को कांग्रेस नेताओं ने टोंक पहुंचकर दी बधाई-रामधन जाट जावल्या के नेतृत्व में पहुंचे जनप्रतिनिधि



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक। जिला परिषद टोंक में जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित होने पर पूर्व प्रधान अलका बैरवा को पीपलू क्षेत्र के कांग्रेस नेता रामधन जाट जावल्या के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने टोंक पहुंचकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रामधन जाट के साथ युवा नेता बीएल चौधरी देशमा, पूर्व सरपंच सुखलाल चौधरी, डीआर प्रसन्न देवी गुर्जर के प्रतिनिधि हनुमान गुर्जर, डीआर सुशीला शर्मा के प्रतिनिधि जगदीश शर्मा, डीआर वसुंधरा बैरवा के प्रतिनिधि अजय बैरवा, पंचायत समिति सदस्य कमला गुर्जर के प्रतिनिधि सत्यनारायण गुर्जर, गुलाब खां, राधेश्याम शर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने अलका बैरवा को जिला प्रमुख निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### टोंक जिला परिषद में जिला प्रमुख पद पर अलका बैरवा निर्वाचित-कांग्रेस ने दर्ज की जीत, बधाई देने वालों का लगा तांता



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक। पंचायत राज चुनाव के बाद जिला परिषद के जिला प्रमुख पद के निर्वाचन परिणाम की बुधवार, 25 नवंबर 2026 को आधिकारिक घोषणा कर दी गई। निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर टोंक टीना डाबी द्वारा जारी परिणाम के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी अलका बैरवा जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित घोषित की गई हैं। जारी निर्वाचन परिणाम के मुताबिक जिला प्रमुख पद के चुनाव में अलका बैरवा को कुल 26 मत प्राप्त हुए, जबकि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी प्रियंका बैरवा को 5 मत मिले। इस प्रकार कुल 31 मत डाले गए। इनमें कोई भी मत निरस्त नहीं हुआ और नोटा के पक्ष में भी कोई मत नहीं पड़ा। निर्वाचन परिणाम की आधिकारिक घोषणा के साथ ही अलका बैरवा के जिला प्रमुख निर्वाचित होने की पुष्टि हो गई। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को 26 मत तथा भाजपा प्रत्याशी को 5 मत प्राप्त हुए। नवनिर्वाचित जिला प्रमुख अलका बैरवा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# नाहरी गांव में बजरी माफिया के आतंक से ग्रामीण परेशान, बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से गर्भवती गाय की मौत का आरोप

**अवैध बजरी परिवहन पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अलीगढ़ थानाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**





लोकतंत्र की आवाज

शिवराज बारवाल मीना
टोंक/अलीगढ़। जिले के उनियारा सर्किल अंतर्गत अलीगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बजरी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की तेज रफ्तार और आबादी क्षेत्र से बेरोकटोक आवाजाही अब ग्रामीणों के लिए परेशानी ही नहीं, बल्कि जानलेवा खतरा बनती जा रही है। मंगलवार रात्रि को नाहरी गांव में बजरी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से तीन माह की गर्भवती गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों एवं युवाओं में बजरी परिवहन करने वालों तथा जिम्मेदार विभागों के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि नाहरी गांव से प्रतिदिन करीब 40 से 50 बजरी से भरे ओवरलोड एवं तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली आबादी क्षेत्र से गुजरते हैं। वहीं अलीगढ़ थाना क्षेत्र में दिन-रात मिलाकर करीब 70 से 80 या इससे अधिक बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही होने का दावा किया जा रहा है। इन वाहनों के चालक आबादी क्षेत्र में भी रफ्तार कम नहीं करते, जिससे हर समय दुर्घटना एवं जनहानि का अंदेशा बना रहता है।

**112 पर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप:** ग्रामीणों एवं युवाओं ने बताया कि बजरी से भरे वाहनों की तेज रफ्तार और अवैध परिवहन को लेकर कई बार पुलिस के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते मंगलवार रात्रि को सड़क किनारे बैठी तीन माह की गर्भवती गाय को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब बेजुबान पशु भी इन वाहनों से सुरक्षित नहीं हैं तो आबादी क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते इन वाहनों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है।

**ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर सौंपा ज्ञापन:** घटना से आक्रोशित ग्रामीण एवं युवा पंचायत समिति सदस्य कमोद देवी मीणा के प्रतिनिधि अमृतलाल मीणा के नेतृत्व में जसराम मीणा, मायाराम जाट, रामरेश मीणा, गीताराम, सोहनलाल, रोबिन, सूरजकरण, प्रभुलाल मीणा, दीपक, सीताराम, सुनील गौतम, पप्पू सहित अन्य ग्रामीण बुधवार सुबह अलीगढ़ थाने पहुंचे। ग्रामीणों ने थानाधिकारी के नाम सहायक उप निरीक्षक रामचंद्र चौधरी को ज्ञापन सौंपकर नाहरी गांव सहित अलीगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन पर तत्काल रोक लगाने, गाय को टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक एवं जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा गाय के पीड़ित मालिक प्रभुलाल पुत्र सुवालाल मीणा निवासी नाहरी को उचित आर्थिक मुआवजा दिलवाने की मांग की।

**कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी:** ज्ञापन देने पहुंचे नाहरी गांव के युवाओं एवं ग्रामीणों ने मीडिया के सामने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस एवं संबंधित जिम्मेदार विभागों ने अवैध बजरी परिवहन पर शीघ्र प्रभावी रोक नहीं लगाई और आबादी क्षेत्र में तेज रफ्तार से दौड़ते बजरी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो समस्त ग्रामीण एवं युवा एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस एवं प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी जनहानि का इंतजार करने के बजाय समय रहते अवैध बजरी परिवहन पर अंकुश लगाया जाए तथा आबादी क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करवाकर आमजन एवं बेजुबान पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## भागलपुर में नशे में धुत युवकों ने पुलिस टीम पर किया हमला, हथियार छीनने की कोशिश, तीन गिरफ्तार, दो जवान घायल

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। जगदीशपुर बाइपास थाना क्षेत्र के वास्तु विहार फेज-1 में रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस टीम के साथ मारपीट और हथियार छीनने की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, 22 नवंबर की देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बाइक पर सवार तीन युवक आपस में मारपीट कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने युवकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि तीनों पुलिसकर्मियों से ही उलझ गए और उनके साथ मारपीट करते हुए हथियार छीनने की कोशिश की। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में पुलिस वाहन चालक नीतीश कुमार और सशस्त्र बल के जवान कमलेश कुमार को चोटें आईं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बांका जिले के शंभूगंज निवासी ओम प्रताप सिंह (23), भागलपुर के मिर्जानहाट निवासी कृष कुमार (19) और खरीक निवासी ध्रुव कुमार (19) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, ब्रेथ एनालाइजर जांच में तीनों के शराब पीने की पुष्टि हुई है। बाइपास थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि एसआई रंजीत कुमार पंडित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की आगे की जांच की जा रही है।

## नाहरी गांव के रास्ते बदहाल, जगह-जगह कीचड़, कहीं जगह एक से दो फीट गहरे गड्ढे, ग्रामीण परेशान

लोकतंत्र की आवाज

शिवराज बारवाल मीना
टोंक/अलीगढ़। उनियारा उपखंड एवं पंचायत समिति क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटोली के नाहरी गांव में इन दिनों मुख्य मार्ग सहित गली-मोहल्लों के आम रास्तों की हालत बदहाल बनी हुई है। गांव में नालियों का अभाव, पुरानी क्षतिग्रस्त नालियां तथा पानी की समुचित निकासी व्यवस्था नहीं होने के चलते जगह-जगह कीचड़ जमा है। वहीं, सड़कों पर कई स्थानों पर एक से दो फीट तक गहरे गड्ढे हो गए हैं।

ऐसे में ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों एवं युवाओं का आरोप है कि नाहरी गांव के रास्तों से दिन-रात रोजाना करीब 40 से 50 ओवरलोड बजरी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां गुजरती हैं। भारी वाहनों के लगातार आवागमन के चलते गांव की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। वहीं,



पहले से बदहाल रास्तों पर जमा कीचड़ एवं गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों के साथ दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

**नाली व पानी निकासी की व्यवस्था का अभाव:** ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सड़क निर्माण के साथ-साथ पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था भी जरूरी है। नालियां नहीं होने और पुरानी नालियों के क्षतिग्रस्त होने से गंदा पानी रास्तों में फैल जाता है। इससे आमजन को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। बारिश के दौरान हालात और भी बदतर हो जाते हैं।

**नवनिर्वाचित सरपंच व सीआर से समाधान की उम्मीद:** इस संबंध में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पाटोली की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती लाड़ देवी राकेश मीणा व पंचायत समिति सदस्य कमोद अमृत लाल मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से गांव की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने मुख्य सड़क एवं गली-मोहल्लों के रास्तों का नए सिरे से निर्माण करवाने, आवश्यकतानुसार ग्रेवल एवं सीसी सड़क बनवाने तथा पानी की समुचित निकासी के लिए नई नालियों का निर्माण करवाने की मांग उठाई है। अब ग्रामीणों की निगाहें नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत प्रशासन पर टिकी हैं। देखना होगा कि गांव की बदहाल सड़कों, कीचड़ एवं जल निकासी की समस्या के समाधान को लेकर पंचायत स्तर पर कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं।

## उनियारा में खाद की किल्लत से किसान परेशान- घंटों धूप में कतारों में लगकर लेने पड़ रहे टोकन

लोकतंत्र की आवाज

शिवराज बारवाल मीना
टोंक/उनियारा। उनियारा क्षेत्र में खाद की किल्लत के चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को खाद के 1424 कट्टों की गाड़ी पहुंचते ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खाद प्राप्त करने के लिए किसानों को घंटों तक तेज धूप में लंबी कतारों में खड़े होकर टोकन लेने को मजबूर होना पड़ा।

सोमवार को एसडीएम कार्यालय के समीप स्थित राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय उनियारा में खाद के टोकन वितरण के लिए सुबह से ही किसानों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। खाद के कुल 1424 कट्टों के लिए प्रति किसान दो कट्टों के हिसाब से 712 टोकन वितरित किए गए। इस दौरान कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी केदार गुर्जर, कृषि पर्यवेक्षक प्रधान गुर्जर, रामहेत मीणा, नरेश गुर्जर, हेतराम मीणा, कालू नागर, लव कुमार, बलराम नागर, संगीता मीणा एवं मोनिका मीणा सहित अन्य कार्मिकों ने पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में टोकन वितरण करवाया। सोमवार सुबह से शुरू हुई किसानों की लंबी कतारें दोपहर 2 बजे तक भी जारी रहीं। वहीं एसडीएम सुमन गुर्जर एवं उनियारा थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक ओम कंवर ने मौके पर पहुंचकर खाद वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। टोकन लेने के दौरान किसानों में अपनी बारी को लेकर होड़ मची रही। लंबी कतारों के बीच धक्कामुक्की और अव्यवस्थाओं की स्थिति भी देखने को मिली। किसान घंटों तक कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। खाद की किल्लत के चलते किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे रबी फसलों की बुवाई एवं फसल प्रबंधन को लेकर उनकी चिंता बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाया जाना चाहिए, ताकि उन्हें घंटों धूप में खड़े होकर परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।



- खाद के 1424 कट्टों की गाड़ी पहुंचते ही उमड़ी किसानों की भारी भीड़, प्रति किसान दो कट्टों के हिसाब से 712 टोकन वितरित

## संविधान दिवस पर शक्ति प्रदर्शन करेगा 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा', दलित-मुस्लिम और पिछड़ों को साधने की तैयारी



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की राजनीति में तीसरे गठबंधन के रूप में उभरा सामाजिक परिवर्तन मोर्चा संविधान दिवस पर ताकत दिखाएगा। एआइएमआइएम और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के इस गठबंधन ने दलित, मुस्लिम, पिछड़े और अन्य वंचित वर्गों को राजनीतिक भागीदारी दिलाने को एजेंडा बनाया है। रमाबाई आंबेडकर मैदान में बुधवार को होने वाली महारैली के जरिये मोर्चा सामाजिक न्याय, संविधान और आरक्षण की सुरक्षा के मुद्दों पर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश करेगा। महारैली में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दे भी उठाए जाएंगे। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सत्ता में आने पर कक्षा एक से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण मुफ्त शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का वादा किया है। युवाओं को रोजगार, लंबित भर्तियों का बैकलाग पूरा करने, महिला सुरक्षा और गरीबों के कल्याण को भी प्राथमिकताओं में शामिल किया है।

## कार्तिक महात्म्य कथा का विधि-विधान से समापन, दीपों से की महाआरती, चूरमा-बाटी का लगाया भोग

लोकतंत्र की आवाज

शिवराज बारवाल मीना
टोंक/उनियारा। उनियारा शहर के प्रमुख आस्था धाम श्रीराम रघुनाथ मंदिर में बुधवार को एक माह से चल रही कार्तिक महात्म्य कथा का विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर भगवान श्रीराम रघुनाथ एवं भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही विश्व कल्याण एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

मंदिर परिसर में आयोजित समापन समारोह के दौरान श्रीराम रघुनाथ मंदिर महिला मंडल की महिलाओं ने दीपकों से सजी थालियों के साथ भगवान की भव्य महाआरती की। दीपों की जगमगाती रोशनी और भक्ति गीतों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।



**धार्मिक आस्था के साथ कार्तिक माता को दी विदाई-पुजारी परिवार का किया सम्मान:** श्रीराम रघुनाथ मंदिर के सदस्य रमेश जांगिड़ ने बताया कि महिला मंडल की महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर चूरमा-बाटी का भोग लगाया तथा धार्मिक परंपराओं के अनुसार कार्तिक माता को विदाई दी। इस अवसर पर महिला मंडल की ओर से मंदिर के पुजारी अमित भारद्वाज, उनकी धर्मपत्नी एवं माताजी का वस्त्र एवं अन्य उपहार भेंटकर सम्मान किया गया। पुजारी परिवार को पांच प्रकार के वस्त्र, श्रृंगार सामग्री, चप्पल-मोजे एवं दक्षिणा भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम रघुनाथ, माता जानकी, गरुड़ देव, बालाजी महाराज एवं भगवान भोलेनाथ को भोग अर्पित कर महिला भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## बनेठा सीएचसी एक डॉक्टर के भरोसे-चार चिकित्सकों के पद रिक्त

लोकतंत्र की आवाज

शिवराज बारवाल मीना
टोंक/बनेठा। उनियारा उपखंड क्षेत्र के बनेठा उपतहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में चिकित्सकों की भारी कमी के चलते स्वास्थ्य व्यवस्थाएं प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। पांच स्वीकृत चिकित्सक पदों में से चार पद रिक्त होने के कारण अस्पताल महज एक चिकित्सक के भरोसे संचालित हो रहा है। वहीं सात में से एक कम्पाउंडर का पद भी कई महीनों से रिक्त बताया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों और मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।





**एक चिकित्सक पर पूरे अस्पताल की जिम्मेदारी:** ग्रामीणों एवं विभागीय जानकारी के अनुसार, बनेठा सीएचसी में चिकित्सकों के अधिकांश पद खाली पड़े हैं। पांच में से चार पद रिक्त होने से एकमात्र चिकित्सक पर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं का भार है। इसके अलावा कम्पाउंडर के पद पर भी कमी बनी हुई है। चिकित्सकों और स्टॉफ की कमी के चलते मरीजों को उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अन्यत्र रेफर करने की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है।

**अस्पताल व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों का यह है कहना:** मामले को लेकर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी उनियारा डॉ. मनीष लोधी एवं बनेठा सीएचसी अस्पताल प्रभारी डॉ. कुंदन सांवरिया से मोबाइल फोन पर बातचीत की गई। चिकित्सकों की कमी और अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने बताया कि स्टॉफ की कमी के संबंध में विभाग एवं शासन-प्रशासन को कई बार पत्र लिखकर अवगत करवाया जा चुका है। चिकित्सकों की नियुक्ति करना सरकार स्तर का कार्य है। विभाग की ओर से केवल मांग पत्र भेजे जा सकते हैं, जो समय-समय पर भेजे जा चुके हैं। वहीं डॉ. मनीष लोधी ने मामले में दोबारा बातचीत करने की बात कही।

**रिक्त पद भरने और ड्यूटी व्यवस्था सुधारने की मांग:** ग्रामीणों ने चिकित्सा विभाग से बनेठा सीएचसी में रिक्त चिकित्सक एवं कम्पाउंडर पदों को शीघ्र भरने, कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी रोस्टर की प्रभावी निगरानी करने की मांग की है। इसके साथ ही अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, प्रसव संबंधी आंकड़ों और एंबुलेंस सेवाओं की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग भी उठाई है। अब सवाल यह है कि उपतहसील मुख्यालय के इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चार रिक्त चिकित्सक पदों से कब राहत मिलेगी? क्या ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इसी तरह इंतजार करना पड़ेगा? अब देखना होगा कि चिकित्सा विभाग और शासन-प्रशासन इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कब तक ठोस कदम उठाते हैं।

- चिकित्सकों और स्टॉफ की कमी से ग्रामीण व मरीज परेशान, स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।